ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्षः 3 अंक : 164
मेरठ, सोमवार , 15 अप्रैल, 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार





समाजवादियों ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 133 वीं .. 6

राष्ट्रहित सर्वोपरि

व्यापक तार्किक चिंतन आधारित हो जनकल्याण.... 4


एक नजर..


## 'इंडिया' का न्यूनतम साझा कार्यक्रम पेश करने पर जोर



नयी दिल्ली, (एजेंसी) आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए 'इंडिया' गठबंधन का न्यूनतम साझा कार्यक्रम पेश करने पर जोर दिया। सिंह ने कहा कि उन्होंने जेल से रिहा होने के बाद खड़गे से समर्थन मांगा और कांग्रेस अध्यक्ष को यह भी बताया कि जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

आप के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि संसद के उच्च सदन में विपक्ष के नेता के रूप में, खड़गे हमारा समर्थन करते रहे हैं और इसलिए मैं जेल से रिहा होने के बाद उनसे मिलना चाहता था। उन्होंने कहा, 'बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाये जाने पर चर्चा की।' सिंह ने संवाददाताओं से कहा, 'मैंने उनके सामने प्रस्ताव रखा कि गठबंधन का चुनाव में जनता के समक्ष रखने के लिए एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम होना चाहिए।'

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत



ताना तोराजा, (एजेंसी)। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडु ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। मुंडु ने कहा कि दर्जनों सैनिक, पुलिसकर्मी और स्वयंसेवकों को दूरदराज के पहाड़ों के गांवों में लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान में लगाया गया। रविवार तड़के बचावकर्मी एक आठ साल की बच्ची सहित दो घायलों को जिंदा बाहर निकालने में कामयाब रहे। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर तक मकाले गांव में कम से कम 11 शव और दक्षिण मकाले में तीन शव बरामद कर लिए थे और तीन अन्य की अभी भी तलाश जारी है।

## ईरान ने इस्राइल पर दागी सैकड़ों मिसाइलें

तेल अवीव, (एजेंसी)। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया है। ईरान ने शनिवार देर रात इस्राइल पर हमला करते हुए सैकड़ों ड्रोन और क्रूज व बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं। रविवार सुबह तक ईरान ने कहा कि हमला समाप्त हो गया है। वहीं, इस्राइल ने कहा कि देश की ओर दागी गयीं 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से 99 प्रतिशत को उसने और उसके सहयोगियों ने हवा में ही नष्ट कर दिया। उसने हमला रोकने में अपनी सफल हवाई रक्षा कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस बीच बचावकर्ताओं ने बताया कि एक हमले में बदूइन अरब शहर में 10 वर्षीय लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। एक अन्य मिसाइल सैन्य अड्डे पर गिरी, जिससे वहां मामूली नुकसान हुआ है।

# 70 साल से ऊपर बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज का वादा

### भाजपा ने 'मोदी की गारंटी' नाम से जारी किया संकल्प पत्र

नयी दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया।'मोदी की गारंटी' शीर्षक से जारी घोषणापत्र समाज के विभिन्न वर्गों को लक्षित सरकार की मौजूदा योजनाओं पर आधारित है। भाजपा की 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' को लागू करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। मोदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपनी सरकार की योजनाओं के कुछ लाभार्थियों को घोषणापत्र की पहली प्रति सौंपी।




प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। हमारा फोकस गरिमापूर्ण व गुणवत्तापूर्ण जीवन और निवेश से नौकरी पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। घोषणापत्र में 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त राशन योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने का वादा भी किया गया है। मध्यम वर्ग के लिए पार्टी ने घर का सपना पूरा करने, अच्छी नौकरी और रहने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिए कई उपायों का वादा किया है।

**भाजपा के वादे**

' प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पांच वर्षों के लिए गरीबों के लिए मुफ्त राशन।

''प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली।

' मुद्रा ऋण की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी।

'तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य।

'सेवा क्षेत्र में महिला स्व-सहायता समूहों का एकीकरण ताकि बाजार तक पहुंच में वृद्धि हो।

' सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में ऑटोरिक्शा, टैक्सी, ट्रक चालकों को शामिल करना।

'पारदर्शी सरकारी भर्ती प्रणाली।

' पेपर लीक को रोकने के लिए कड़ा कानून लागू करना।

'रोजगार के अवसरों का विस्तार।

'2030 तक इलेक्ट्रॉनिक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के उपाय।

' भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना।

'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को मजबूत करना।

' प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को सुदृढ़ करना।

'फसलों का एमएसपी बढ़ाना।

**कांग्रेस ने बताया 'जुमला पत्र'**

कांग्रेस ने भाजपा के घोषणापत्र को बयानबाजी से भरा 'जुमला पत्र' करार दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी की गारंटी को जुमलों की वारंटी बताते हुए कहा, 'पुरानी गारंटियों के लिए कोई जवाबदेही नहीं, कोरी बयानबाजी!' खड़गे ने कहा कि युवा नौकरियों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, महंगाई के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं, लेकिन घोषणापत्र में इस पर कोई बात नहीं की गयी है।

# भाजपा आरक्षण की समर्थक : अमित शाह

जयपुर (एजेंसी) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान में एक रैली में कहा कि भाजपा दलितों, आदिवासियों व पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का समर्थन करती है। उन्होंने कहा, 'हम न आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को समाप्त करने देंगे।' इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैलाकर लोगों को गुमराह करती है। उन्होंने कहा, 'मोदी जी स्वयं आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं।' शाह ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी ओबीसी की विरोधी पार्टी है।'

**कन्याकुमारी में किया रोड शो, द्रमुक पर साधा निशाना**

नागरकोइल रू अमित शाह ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर 'सनातन धर्म' का अपमान करके लोगों की भावनाओं को 'ठेस' पहुंचाने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि द्रमुक ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर अशोभनीय टिप्पणी की। शाह ने एक रोड शो में कहा, 'मोदी देश को प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं।' उन्होंने दावा किया कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक के भ्रष्टाचार ने तमिलनाडु को प्रभावित किया है और लोगों से राज्य को 'इन भ्रष्ट पार्टियों' से बचाने और अभूतपूर्व परिवर्तन के लिए भाजपा को चुनने का आह्वान किया। शाह ने कहा कि कन्याकुमारी को भी सफलता की कहानी का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु को भाजपा का समर्थन करके विकास और समृद्धि को अपनाना चाहिए और दावा किया कि मोदी तमिल संस्कृति, तमिल भाषा और तमिल गौरव को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।




# यदि फ्री एंड फेयर चुनाव हुआ तो भाजपा होगी सत्ता से बाहरः मायावती






### बसपा की सहारनपुर व कैराना लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा भाजपा व कांग्रेस पर जमकर बरसीं मायावती

मोनू कश्यप/युरेशिया

नागल। रविवार को सहारनपुर मुजफ्फरनगर हाईवे पर नागल व तल्हेडी बुजुर्ग के बीच एक मैदान में आयोजित चुनावी सभा में बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि आजादी के बाद से अधिकतर प्रदेशों व केंद्र में ज्यादा समय तक कांग्रेस काबिज रही, लेकिन गलत नीतियां, गलत कार्य प्रणाली व दलित विरोधी मानसिकता के चलते इन्हें राज्यों व केंद्र से बाहर होना पड़ा, सर्व समाज के उत्थान व उन्हें न्याय दिलाने को बसपा का गठन हुआ। आज बीजेपी एंड कंपनी जातिवादी, पूंजीवादी व द्वेषपूर्ण राजनीति कर रही है, यदि फ्री एंड फेयर चुनाव होता है तथा ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती तो इसे भी इस बार सत्ता से हाथ धोना पड़ेगा।

पंडाल में भारी भीड़ व लोगों में भारी जोश से गदगद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार धरनासेठों को धनवान बनाने में लगी रही। बीजेपी ने भी कांग्रेस की तरह सरकारी एजेंसियों का सरकारी कारण किया तथा इस शासन में पिछडों, दलित व अल्पसंख्यकों के हितों का ध्यान नहीं रखा गया है, जिस कारण पूर्ण रूप से इन समाज का उत्थान व विकास नहीं हो सका। सरकारी नौकरियों का आरक्षण अभी तक अधूरा पड़ा है। धर्म की आड़ में हो रहा जुल्म आज चरम पर है। अपर कास्ट के गरीबों की भी हालत खराब है। गलत नीतियों के कारण किसान अक्सर आंदोलित रहता है, व्यापारी भी परेशान है, गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई लगातार बढ़ रही है, आज देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं है। विपक्षी पार्टियां साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों हथकंडे अपना कर सरकार में आने का प्रयास कर रही है, मीडिया, ओपिनियन पोल व सर्वे के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। किसी भी बहकावे में न आकर हमें इन्हें सरकार बनाने से रोकना है। उन्होंने कहा कि बसपा चुनावी घोषणा पत्र में झूठे वादे करने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास रखती है। बिना घोषणा पत्र के ही उत्तर प्रदेश में अनेकों अतुलनीय कार्य किए हैं यदि केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला तो उत्तर प्रदेश की तरह जमीन स्तर पर ठोस कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अति गरीब परिवारों को थोड़ी सी खाद्य सामग्री देने से इनका भला नहीं होने वाला बल्कि सरकार की जिम्मेदारी अति गरीब लोगों को रोजगार मुहैया कराना है। बढ़ रही गरीबी, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। मुस्लिम समाज का किया जा रहा उत्पीड़न रोका जाएगा। गरीबों के रोजी-रोटी के साधन उपलब्ध कराते हुए सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की तर्ज पर सरकार चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बसपा इस बार अकेले दम पर बिना किसी से गठबंधन किए लोकसभा चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे में भी सर्व समाज को भागीदारी दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री का पूरा भाषण भाजपा व कांग्रेस पर केंद्रित रहा। पूरे भाषण में उन्होंने सपा व रालोद का जिक्र तक नहीं किया। चुनावी सभा में 10 हजार से अधिक भीड़ जुटी, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। इस दौरान शमसुद्दीन राइन पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी, सहारनपुर लोकसभा प्रत्याशी माजिद अली, कैराना लोकसभा प्रत्याशी श्रीपाल राणा, मंडल कोऑर्डिनेटर नरेश गौतम, जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, पूर्व विधायक रविंद्र कुमार मोल्हू, मुजाहिर हसन मुखिया, मेहरबान आलम, अजब सिंह, अमित त्यागी, इरफान पहलवान, बीर सिंह नाहर, विजेंद्र कुमार, भूपेंद्र प्रधान, डॉ सोनू, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, लेखराम प्रधान, राजेंद्र कुमार आदि रहे।

### दर्दनाकः सीकर हादसे में सात की मौत से मचा कोहराम

# परिजन और रिश्तेदारों में मची चीख पुकार सिसकियों संग गुजरी रात,परिचित भी बेसुध

युरेशिया संवाददाता





मेरठ। राजस्थान के सीकर में सात लोगों के मरने की खबर मेरठ पहुंचते ही कोहराम मच गया। रविवार को अचानक हुए इस हादसे में हार्दिक बिंदल का पूरा परिवार खत्म हो गया है। मौसी नीलम और उनके बेटे आशुतोष की भी मौत हो गई है। हाथी की खबर मेरठ पहुंचते ही दोनों परिवारों और उनके रिश्तेदारों में कोहराम मच गया।रिश्तेदारों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। वही इस दुखत हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोग भी पहुंच गए लेकिन किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि ढाढ़स बंधाएं तो कैसे बंधाएं। रात से दोनों परिवारों के घर पर सिसकियां गूंज रही हैं। परिचित-रिश्तेदार शवों के इंतजार में खड़े रहे हर कोई यही कह रहा है कि ये क्या हो गया। हैंडलूम व्यापारी मुकेश गोयल के बेटे और पत्नी की मौत की सूचना पर हैंडलूम वस्त्र व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने आपातकालीन बैठक बुलाकर सोमवार को खंदक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारी प्रतिष्ठान बंद कर शोक व्यक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर तक शव मेरठ पहुंचने की उम्मीद है। उसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।भाजपा के पूर्व विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल के साले स्वर्गीय महेश बिंदल का परिवार ब्रह्मपुरी के शिव शंकरपुरी कॉलोनी में रहता था। परिवार में बेटे हार्दिक बिंदल (40) हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (37) बेटी सिदीक्षा (6) नितीशा (2) और मां मंजू (62) थीं। हार्दिक शारदा रोड पर देसी तड़का नाम से रेस्टोरेंट और गारमेंट की दुकान करते थे। शादी के बाद गठजोड़ा की रस्म के चलते परिवार को दर्शन करने सीकर जीण माता के मंदिर में जाना था। शनिवार को हार्दिक अपने परिवार और माधवपुरम के आरके पुरम में रहने वाली मौसी नीलम (55) व उनके बेटे आशुतोष (35) के साथ सेंट्रो कार से निकले थे। जीण माता के दर्शन करने के बाद रविवार को पूरा परिवार सालासर बालाजी के दर्शन करने जा रहा था। शाम को सीकर जिले में फतेहपुर कोतवाली थाना क्षेत्र की आशीर्वाद पुलिया के पास कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। भीषण टक्कर के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। कार लॉक होने के कारण पीछे बैठे लोग बाहर नहीं निकल पाए। पलभर में परिवार के सभी सात लोग जिंदा जल गए। सूचना पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। शव बुरी तरह से जल गए थे। गाड़ी की नंबर प्लेट भी जल चुकी थी। कार के पूरी तरह से जलने के कारण मृतकों की पहचान कर पाना मुश्किल था। कार में एक अधजला मोबाइल मिला तो उसमें से पुलिस ने सिम निकालकर दूसरे मोबाइल में डाल लिया। फोन आने पर पता चला कि सभी मृतक मेरठ के रहने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने मेरठ में फोन करके सूचना दी। आशुतोष की बहन नेहा ने फोन सुना। इसके बाद हार्दिक के ताऊ को सूचना दी गई। रिश्तेदार शवों को लाने के लिए सीकर पहुंच गए हैं। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शवों को मेरठ लाया जाएगा। इस दर्दनाक हादसे ने हार्दिक बिंदल के पूरे परिवार को लील लिया। रिश्तेदार समझ ही नहीं पा रहे हैं कि करें तो क्या करें। हार्दिक के परिवार में अब उसके ताऊ संत कुमार चावल वाले, उनकी पत्नी कमलेश और बेटा सत्यम ही बचे हैं। दो बहनों महक और सुगंध की शादी हो चुकी है। ताई कमलेश और सत्यम का रो-रोकर बुरा हाल है। रात से रिश्तेदारों का घर पर तांता लगा है। लोगों ने बताया कि बड़ी खुशी के साथ परिवार दर्शन करने गया था, लेकिन कुछ नहीं बचा।

माधवपुरम आरकेपुरम निवासी आशुतोष गोयल पिता मुकेश गोयल के साथ खंदक बाजार में अपनी आशुतोष टैक्सटाइल फर्म नाम से कपड़ों की दुकान पर बैठते थे। आशुतोष की पत्नी पारुल और चार साल का बेटा विनायक हैं। बेटे और पत्नी की मौत की सूचना मिलते ही मुकेश गोयल और रिश्तेदार सीकर रवाना हो गए हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय तथा विक्टोरिया पार्क का निरीक्षण

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय तथा विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण किया गया। मतगणना केंद्र पर ईवीएम मशीन जमा कराए जाने हेतु कार्मिकों की ड्यूटी,उनके प्रशिक्षण, सुरक्षा व्यवस्था आदि की समीक्षा की। उन्होंने सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु तैयारी का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।विक्टोरिया पार्क में पोलिंग पार्टी के रवाना होने संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशो का कडाई से शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नूपुर गोयल,जॉइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा,अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एडीजी, डीआईजी व एसएसपी ने किया शाकम्भरी देवी मेले का निरीक्षण

# सीसीटीवी कैमरे एवं सायरन आदि की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



### श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इसके लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट (सहारनपुर) अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में लगे नवरात्र मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए विशेष दिशा निर्देश भी दिए।

रविवार को एडीजी डीके ठाकुर, डीआईजी अजय साहनी, एसएसपी विपिन ताडा सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पहुंचे।अधिकारियों ने नवरात्रि के उपलक्ष्य में सिद्धपीठ माँ शांकभरी देवी मंदिर में लगे मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे चौक किये और सायरन भी बजवाकर चौक किया। इसके अलावा अधिकारियों ने मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने मंदिर व्यवस्थापक अतुल्य प्रताप राणा से भी वार्ता की और मेला परिक्षेत्र में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी की। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इसके लिए अधिकारियों ने अधीनस्थों को विशेष दिशा निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने भूरा देव मंदिर पर भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## एक नजर..

### चोरी की वाशिंग मशीन सहित एक गिरफ्तार




भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट(सहारनपुर) कोतवाली पुलिस ने एक चोर को चोरी की हुई वाशिंग मशीन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफकानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि प्रवीण कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी मोहल्ला शिवाजी थाना कन्नौज सदर जनपद कन्नौज हाल तहसील बेहट ने अज्ञात चोरों द्वारा वाशिंग मशीन चोरी होने के संबंध में चोरी होने के संबंध में तहरीर दी थी।पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बे के आनंद बाग से दानिश पुत्र फिरोज मोहल्ला कस्साबान कस्बा बेहट जनपद सहारनपुर को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की हुई वॉशिंग मशीन भी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफकानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

## जानसठ में दुकानों का लेटर उठाने के दौरान बड़ा हादसा





युरेशिया संवाददाता

जानसठ। कस्बा जानसठ बिजली घर के सामने दुकानों का लेटर उठाने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें आधा दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। सूचना पर पहुंचे जिलाधिकारी सहित भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा जहां रेस्क्यू टीम ने करीब 14 मजदूरों को निकाला।

मिली जानकारी के अनुसार जानसठ के नेशनल हाईवे 709 एडी पर स्थित बिजली घर के ठीक सामने एक मार्केट की छत उस समय गिर गई जब उसकी छत को करीब दो दर्जन से अधिक मजदूर गटर लगाकर उठा रहे थे। लेंटर गिरने की सूचना पर जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर अरविंद मलप्पा बंगारी, पुलिस क्षेत्राधिकार रामाशिश यादव, उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार, एएसपी विनायक भोसले, कोतवाली प्रभारी जनक सिंह चौहान सहित भारी पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय नागरिकों की मदद से रेस्क्यू टीम ने राहुल, अवनी, विपिन निवासी मुरादाबाद सहित करीब 14 लोगों को मलबे से निकला। जहां सभी घायलों को जानकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अपना दल (एस) ने धूमधाम से मनाई डॉ अंबेडकर जयंती



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। अपना दल (एस) के तत्वावधान में पूर्वी कचहरी चौराहा स्थित संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर अपना दल (एस) के पदाधिकारीयों ने माल्यार्पण कर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई। जिसमें समाजसेवियों को बाबा साहब की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुधीर पंवार, महानगर अध्यक्ष राजू रौंदिया, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, महिला मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपा लोधी,जिला उपाध्यक्ष मुनीश पटेल,जिला महासचिव बलीचंद पाल, जिला सचिव पंकज वर्मा व बलराम चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष पवन वर्मा, आई टी सेल जिला अध्यक्ष शिवकुमार खटीक,कैंट विधानसभा अध्यक्ष चतरसेन, ज्योति त्यागी,जयकिशन कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

# चौहान क्षत्रिय महासभा ने भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल का किया स्वागत

### भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने कहा इस सम्मान का जीवन भर रहूंगा ऋणी




भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट (सहारनपुर) चौहान क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व मे गांव जसमोर मे एक कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा का भव्य स्वागत किया गया और चौहान समाज का एक एक वोट भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में डालकर जिताने का संकल्प लिया गया।

रविवार को गांव जसमोर मे एक रिसोर्ट मे अयोजित कार्यक्रम मे चौहान समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे क्षत्रिय चौहान सभा के अध्यक्ष अजय चौहान ने कहा कि चौहान समाज हमेशा राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा के साथ खड़ा रहा है और लोक सभा चुनाव में भी एक जुटता के भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के पक्ष मे एक एक वोट देकर जिताने का काम करेगा। कार्यक्रम मे बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता डा. सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि बेहट विधान सभा इलाके का चौहान समाज भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे लामबंद है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के हर वर्ग के विकास के लिए काम करती है। कार्यक्रम के अन्त मे बोलते हुए भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि जो सम्मान चौहान समाज के लोगो ने मुझे दिया है उसका जीवन भर ऋणी रहूंगा और सांसद बनकर आप की सेवा के रूप मे चुकाने का काम करूंगा।आज देश मे पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार फिर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा की सरकार बनने जा रही है।कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौहान, धर्मसिंह जगदीश सिंह डिग्री कालेज के प्रबंधक विनय चौहान, योगेश चौहान, रणबीर चौहान ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रधान शीशपाल चौहान, मा. श्याम लाल चौहान, गजेन्द्र चौहान, प्रधान प्रेम चौहान,योगेश चौहान,पूर्ण सिंह चौहान साहित सैकड़ो समाज के लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा का किया स्वागत



प्रदीप धीमान/युरेशिया

सहारनपुर। धीमान कल्याण महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राघव पाल शर्मा का स्वागत किया गया। इस दौरान धीमान समाज के मतदाताओं से राष्ट्रहित में शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा व महासभा के संस्थापक डॉ.केपी सिंह धीमान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराम धीमान, दुष्यंत धीमान व सेवानिवृत्त शिक्षक मा.नकली राम धीमान ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा ने कहा कि धीमान समाज राष्ट्रवादी समाज है, जिसने सदैव ही राष्ट्र हित में अपना योगदान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका सम्मान की भावना के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारों में धीमान समाज को पूरा मान सम्मान देने का काम किया जायेगा। नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनित त्यागी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धीमान समाज द्वारा देश हित में किए जाने वाले कार्यो पर प्रकाश डालते हुए पार्टी में पूरा मान सम्मान देने का वादा किया। महासभा के संस्थापक डॉ.केपी सिंह धीमान ने कहा कि धीमान समाज देश हित में भारतीय जनता पार्टी का समर्थन कर रहा है, क्योंकि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गो को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम कर रही है। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराम धीमान, महासचिव दुष्यंत धीमान, हर्ष धीमान बेहट, सतीश धीमान, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिलाध्यक्ष रमेश धीमान, नकलीराम धीमान, नरेश धीमान, विजेश धीमान, डॉ.प्रमोद धीमान, बृजेश कुमार शर्मा, रविंदर फौजी, कबूल धीमान,मामराज धीमान, निशांत, ब्रजमोहन, सतीश धीमान,राहुल सिंघानियां ने भी संबोधित किया। इस दौरान महीपाल धीमान, डॉ.प्रमोद धीमान, हिमांशु धीमान समेत भारी संख्या में धीमान आदि मौजूद रहे।

## भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा की विकास कार्य और किए गए वादों के अनुसार जनता देगी वोट




शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा । ग्राम कलरी में चौधरी ओमवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन की रस्म पगड़ी में आए हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने चुनाव के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है राजनीतिक पार्टियों का काम चुनाव से है और जनता को वोट करना है और वोट जनता चेहरा मोहरा और किए गए कार्यों के आधार पर देती है और घोषणा पत्र के बारे में उन्होंने कहा की घोषणा पत्र कोई नहीं यह श्वेत पत्र है घोषणा पत्र में पहले किए हुए वादे भी अभी तक पार्टी ने पूरे नहीं किए हैं 5 साल तक फ्री बिजली किसानों को देना और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करना बेरोजगार बच्चों को रोजगार देना कोई भी योजना अभी तक धरातल पर नहीं दिखाई दे रही है और आगे का रास्ता भी चुनाव के बजाय आंदोलन से ही पूरा होगा और उन्होंने कहा कि आप सभी पत्रकार भाइयों का हमेशा सहयोग रहा है और आगे भी हमारा इसी तरह सहयोग और ध्यान रखना और जनता जनार्दन है वह कब किस सर आंखों पर बैठा ले और कब किस नीचे उतार दे यह कुछ नहीं कह सकते उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने किए हुए वादों पर खरा उतरना चाहिए और किसानों और बेरोजगार बच्चों की और ध्यान केंद्रित करना होगा अगर भारत का किसान खुश होगा तभी हमारा भारत सफलता की ओर अग्रसर होगा।

# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133 बी जयंती जनपद में मनाई गई

### हम शिक्षित होगें तो देश प्रगति की ओर बढ़ेगा
### विश्व के सभी देशों में भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत
### डॉक्टर आंबेडकर जी जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए



युरेशिया संवाददाता

बगपत । भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी की 133 बी जयन्ती जनपद मनाई गई। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अन्य अधिकारियों के संग बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व के सभी देशों में भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत है। इसका श्रेय भारत के संविधान को जाता है, जिसकी रचना बाबा साहब द्वारा की गई थी। अंग्रेजो से जब देश आजाद हुआ और संविधान का निर्माण हुआ तबसे लेकर आज तक देश में बहुत परिवर्तन हुए। संविधान में अधिकार के साथ कर्तव्य व दायित्वों का वर्णन भी है। हमें अधिकारों के प्रति सचेत रहने के साथ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। डॉ. आंबेडकर ने कहा था शिक्षित बनो और संघर्ष करों इसलिए हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है। जब हम शिक्षित होगें तो देश प्रगति की ओर बढ़ेगा और देश की प्रगति के साथ हमारी भी तरक्की भी जुड़ी है। उन्होंने डॉ आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने आजीवन सामाजिक सुधार के लिए कार्य किया। बाबा साहब भारतीय संविधान के जनक होने के साथ ही भारतीय गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। आज हम सभी को बाबा साहब के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए और बच्चों, युवाओं और विद्यार्थियों को बाबा साहब के बारे में अध्ययन करना चाहिए कि किस प्रकार जीवन में कठिनाइयां होने के बावजूद उन्होंने संघर्ष करते हुए एक नया अध्याय लिखा। अपर जिलाधिकारी वित्त पंकज वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता से संविधान के मूल मंत्र पर नियमों का पालन करते हुए अपने कार्य दायित्वों का निष्पादन करें। आगे बढ़े, आने वाला समय शुभ हो। अच्छे कामों के जरिए जिले व अपने परिवार का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर के बताए गए रास्तों का अनुश्रवण करें।

कलेक्ट प्रभारी मनीष कुमार यादव ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आप कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# संविधान, लोकतंत्र और विकास के संकल्प के लिए समर्पित आपका जीवन समाज के कमजोर व वंचित वर्ग के उत्थान की प्रेरणा देता है-अंकुश चौधरी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने भारत रत्न,महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पकार श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मेरठ कचहरी अंबेडकर पार्क स्थित प्रतिमा पर साथियों के साथ माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान अंकुश चौधरी ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और विकास के संकल्प के लिए समर्पित आपका जीवन समाज के कमजोर व वंचित वर्ग के उत्थान की प्रेरणा देता है। इस दौरान उनके साथ महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी, जिला संरक्षक एसके शर्मा, जिला महासचिव जीएस राजवंशी, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ, एससी -एसटी जिलाध्यक्ष भूप सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी हेम कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष माइनारिटी गुरमिंदर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ कपिल शर्मा, कैंट विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल यादव, जिला सचिव अनिल सुरानिया, महानगर उपाध्यक्ष राहुल खटीक, सचिन वाल्मीकि, नरेंद्र, मोहम्मद असलम आदि उपस्थित रहे।



## सरसावा में अम्बेडकर जयंती पर सविधान रचयिता बाबा डॉ. भीम राव अम्बेडकर का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया



शक्ति चौधरी/युरेशिया

गसरसावा में सँविधान के रचियता बाबा डॉ. भीम राव अंबेडकर का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे पूर्व चेयरमेन बिजेन्द्र मोगा ने भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समुख्य दीपप्रज्वलन कर और चित्र पर पुष्प अर्पित व शोभायात्रा का शुभारंभ फीता काट कर किया इस मौके पर उन्होंने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमारा वजूद उन्ही की वजाह से जिंदा है ऐसे महान व्यक्ति को हम नमन करता है शोभायात्रा में आए हुए लोगा का भीमराव अंबेडकर कमेठी के प्रधान ऋषिपाल ने सभी का आभार व्यक्त किया शोभायात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील राणा,श्यामलाल धीमान,डॉ सोनू सैनी,कृष्ण गोपाल गुम्बर,अवनीश काम्बोज,नरेश जैन,मोनू अरोडा, अनिता धारिया,डॉ दिनेश कल्याण,हरिपाल,जोनी कुमार, हिमाशु,जनेदर कुमार सहित काफी सँख्या में नगर के गणमान्य लोग और मन्दिर कमेठी से जुड़े लोग मौजूद रहे सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे !

## आपसी प्रेम व सौहार्द की प्रतीक है ईद उल फितर: फुलबानो अंसारी

### अंसारी समाज ने भरी हुंकार अबकी बार 400 पार




नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना ।नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना की चेयरमैन फुलबानों अंसारी ने देर रात अपने निवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया और सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील की और कहा की ईद उल फित्तर जैसे त्यौहार प्रेम और सौहार्द के प्रतीक है इसलिए सभी को मिलजुलकर मनाना चहिए ।इस बहाने चेयरमैन फुलबानों अंसारी ने अपने अंसारी समाज से बीजेपी के प्रदीप चौधरी को ज्यादा से ज्यादा वोट की अपील की जिसमे सभी ने हाथ उठाकर समर्थन किया ।इस मौके पर प्रतिनिधि हाजी इसरार अंसारी,चांद मिया,चेयरमैन पुत्र अब्दुल्ला ,दानिश व जुबेर अंसारी, बबल जैन,समाजसेवा अहसान अंसारी बेहट, कलीम अंसारी,डा0सलमान, फेजान आदि मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती आयोजन

मीरापुर। देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनके स्मारक पर बनी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद बैंड बाजो के साथ नगर के मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा निकाली गई।

संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती पर डा. भीमराव अम्बेडकर जागरण मंच के तत्वाधान में नगर में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसक शुभारम्भ महेश कुमार द्वारा किया गया। शुभारम्भ के बाद नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बाबा साहब अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, रविदास, बाल्मिकी, कबीरदास, ज्योतिबाफूले आदि की झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा का कस्बे में कई स्थानो पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया। एडवोकेट संजय कुमार के आवास पर डा. भीमराव अम्बेडर के जन्मदिन पर उनके समर्थको ने केक काटकर एक दूसरे को बधाईयां दी। कार्यक्रम में वेद प्रकाश, सुरेश चंद, दिवाकर, सचिन कुमार, सतीश कुमार, सुरेन्द्र सरापवाल, मोहर सिंह, मनोज, ऋषिपाल तोमर, सुबोध कुमार, संजय आदि का सहयोग रहा।

### सपा जिलाध्यक्ष को हटाए जाने की मांग

मीरापुर। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा में कस्बे के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अपमान का आरोप जिलाध्यक्ष जिया चौधरी पर लगा यागया है। इसके विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी दीपक सैनी का विरोध करने की चेतावनी दी है। मीरापुर निवासी सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शाहिद कुरैशी के आवास पर सपा के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में शाहिद कुरैशी ने बताया कि शनिवार को मीरापुर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा थी। जनसभा का संचालन जिलाध्यक्ष जिया चौधरी द्वारा किया जा रहा था। जनसभा से पूर्व मीरापुर के कई वरिष्ठ सपा नेताओं के मंच पर बैठने के लिए नाम लिस्ट में लिखे गए थे लेकिन जनसभा के दौरान सभी के नाम लिस्ट से काट दिए गए जिस कारण मीरापुर के वरिष्ठ सपा नेता काफी आहत हुए है। शाहिद कुरैशी ने कहा कि पार्टी द्वारा अगर जिलाध्यक्ष को तत्काल पद से नही हटाया गया तो वह सपा प्रत्याशी दीपक सैनी के चुनाव का बहिष्कार करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि शनिवार का कार्यक्रम संगठन का कार्यक्रम नही था बिजनोर लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी के चुनाव की जनसभा थी जिस की लिस्ट प्रत्याशी द्वारा तैयार की गई थी उनके द्वारा ही तय किया गया था कि मंच पर कौन कौन सपा नेता बैठेंगे। अगर संगठन की बैठक होती तो मेरे द्वारा लिस्ट बनाई जाती इसमें मेरी कोई गलती नही है। इस दौरान मंजर, साबिर कुरेशी, इमरान, साजिद, मौहम्मद सलीम, मुस्तकीम सैफी, आस मौहम्मद, अफजाल कुरैशी, शाह आलम, सादिक नवाब, इरशाद, आबाद कुरैशी, अय्यूब अहमद आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

### रेस्टोरेंट कर्मचारियों के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

मीरापुर। ग्राम देवल गंगनहर के निकट बने मोंटी मिलियंस रेस्टोरेंट पर आये लोगो ने कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रेस्टोरेंट मालिक को भी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। रामराज थाना क्षेत्र में गंगनहर के निकट मोंटी मिलियंस रेस्टोरेंट बना है। होटल पर कार में सवार होकर चार लोग आये और वहां पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। रेस्टोरेंट मालिक धनवीर सिंह निवासी ग्राम कुतुबपुर छूट छुटाव के लिए उनके बीच में पहुंचे तो उन्हे भी जान से मारने की धमकी देकर सभी आरोपी फरार हो गये। धनवीर सिंह ने थाना रामराज में फतेह सिंह पुत्र संते सिंह निवासी भूमिया फार्म व चार अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## एक नजर..

# त्रेता युग का साक्षी रह चुका बागपत का यह मनसा देवी मंदिर




**धर्मपाल सैनी / युरेशिया**

रटौल। बागपत जिले के खेकड़ा क्षेत्र में बड़ागांव स्थित मां मनसा देवी मंदिर श्रद्धालुओ की आस्था वह अटूट श्रद्धा का केंद्र है।

यह मंदिर अपने आप में त्रेता युग की स्मृति सजोय हुए हैं। यहां वर्ष में दो बार नवरात्रि के दिनों में मिला भी लगता है। मंदिर में दिल्ली,नोएडा,गाजियाबाद, मेरठ, और हरियाणा समेत कई प्रदेशों से भी श्रद्धालु लोग आते हैं। और मां के आगे अपनी झोली फैलाते हैं। कहते हैं की मां उनकी मनोकामना पूरी करती है।

प्राचीन मां मनसा देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजपाल त्यागी बताते हैं कि यह मंदिर त्रेता युग का गवाह रह चुका है। यहां विराजमान मनसा देवी की मूर्ति लंकाधिपति रावण हिमालय से लेकर आया था, मां के चमत्कार को रावण ने जाना तो उसने उसको लंका ले जाने के लिए घोर तप किया। मां ने रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर उसके साथ चलने के लिए हां कर दी। लेकिन कहा था,अगर तुमने रास्ते में मुझे कहीं रखा तो मैं वहीं स्थापित हो जाऊंगी। रावण मां को लेकर लंका के लिए चल पड़ा। रास्ते में वह मां का तेज और भार सहन नहीं कर पाया और बड़ा गांव में मूर्ति को पृथ्वी पर रख दिया। तब से मन बड़ा गांव मंदिर में विराजमान है।

कहते हैं कि रावण मां को यहां छोड़कर लंका लौट गया। बताते हैं कि तब से ही इस गांव का नाम रावण उर्फबड़ा गांव पड़ गया। हालांकि इस मूर्ति के खंडित होने के बाद यहां पर ढाई सौ साल पुरानी मूर्ति स्थापित की गई है। यहां तक की भगवान विष्णु की मूर्ति भी यहां देखने को मिलती है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजपाल सिंह त्यागी,प्रवीण कुमार त्यागी आदि ग्रामीण बताते हैं की मंदिर का जीणोद्धार बड़ा गांव निवासी लक्ष्मण दास जैन सेठ ने कराया था। बताया जाता है कि जुर्म मे सेठ को अंग्रेजों ने टॉप से उड़ने की तैयारी की थी मगर देवी का कोई बाल रूप उनके सामने आ जाता था। तीन बार प्रयास के बाद भी सेट तोप से बच गए थे। इस समय उनकी सजा माफकर दी गई थी। इसके बाद उन्होंने यहां भव्य मंदिर बनवाया था। मंदिर में दशावतार के रूप में भगवान विष्णु ,मनसा देवी ,राम दरबार, शिव परिवार ,हनुमान, भैरव ,राधा कृष्ण की मूर्तियां भी स्थापित है।

नवरात्रि के दिनों में यहां विशाल मेला लगता है। कस्बा खेकड़ा से मात्र 5 किलोमीटर दूर बड़ागांव के प्रवेश मार्ग पर ही स्थित मंदिर को देखकर हर किसी का मन भक्ति में हो जाता है। देवी मां उनकी मनोकामना आवश्यक पूर्ण करती हैं।

वही ढिकोली बंथला मार्ग पर स्थित मां वैष्णो देवी पवन धाम मंदिर में स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग जाती है। वही मंदिर के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सैनी ने बताया की इस मंदिर का निर्माण जो हुआ यह एक अद्भुत चमत्कार है। उन्होंने बताया कि एक दिन मां वैष्णो देवी मुझे सपने में आकर दिखाई दी और उन्होंने साक्षात मुझे मंदिर निर्माण करने को कहा। उन्होंने तभी मन में यह ठान लिया कि मुझे यहां मंदिर निर्माण करना है और उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया।

# रटोल में मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती



**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**

नगर पंचायत रटोल में विश्व रतन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई जिसमें ऑल इंडिया केनरा बैंक एससी एसटी एंप्लॉय बहुजन वेलफेयर एसोसिएशन की तरफसे केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बागपत की रीजनल कमेटी ने भी भाग लिया बाबा साहब को माला अर्पण की गई और प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर संगठन की तरफसे श्री विजेंद्र कुमार (वाइस प्रेसिडेंट )श्री नेतन कुमार (त्महपवदंसे मबतमजंतल) श्री पंकज कुमार (ब्ब्) श्री महेंद्र सिंह (ब्ब्) श्री कुलदीप कुमार (ब्रांच रटौल )श्री प्रमोद कुमार (बागपत मेन )श्री प्रवेश कुमार (बड़गांव) शिवा (बड़ागांव) और नगर पंचायत रटोल निवासी मौजूद रहे रहे संगठन के बिजेंद्र कुमार वाइस प्रेसिडेंट जी ने कहा कि हमें अपनी ताकत झांकी जुलूस में दिखाने की नहीं है हमें अपनी ताकत एकता में दिखाने की है जो बाबा साहब कहे कर गए हैं और हमें रास्ता दिखा कर गए हैं शिक्षित बनो संगठित रहो उसी रास्ते पर चलना चाहिए जिस तरह पूरे देश को शिक्षित कर के गए है उसी तरह आपके घर के आसपास कोई निर्धन परिवार है आर्थिक स्थिति के कारण उनके बच्चे लिखने पढ़ने में असमर्थ हैं उनके बच्चों की पढ़ाई करो और जिन परिवारों में मतभेद है उनको संगठित करो उनको जोड़ने की कोशिश करो यही बाबा का संदेश है यही हमारी ताकत है श्री नेतन कुमार रीजनल सेक्रेटरी जी ने कहा कि समाज में अगर कोई आगे बढ़ता है उसका साथ देना चाहिए क्योंकि समाज में आगे कोई बढ़ेगा तो अपने समाज का ही फायदा होगा तो उनका सहयोग करना चाहिए उनसे ईर्षा मतभेद नहीं करनी चाहिए ।

# रटौल में डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती मनायी गयी।

**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**



रटौल में डाव भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके जीवन का उल्लेख किया।

रटौल में खासपुर मौहल्ले में डाव भीमराव अंबेडकर जयंती पूर उनके चित्र पर लोगो ने पुष्प अर्पित किये इस मौकें पर बोलते हुए समाजसेवी सुरेंद्र कुमार ने उनके जीवन पर उल्लेख करते हुए कहा की आप अपने माता पिता के चौदह संतानों में वो अकेले थे जिन्होंने समझा कि शिक्षित होना ही बड़ा शस्त्र है पढ़े तो ? ऐसा कि कमाल वे मेधावी छात्र थे और पढ़ाई को लेकर खंभे के नीचे बैठ कर केम्ब्रिज और कोलम्बिया तक चले गए वे उस दौर के पहले ऐसे भारतीय थे जिन्होंने चार बार पीएचडी की उपाधि हासिल की डॉ आंबेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफइकोनॉमिक्स से पीएचडी हासिल की उन्होंने कोलम्बिया विश्वविद्यालय से कानून में स्स्क् की उपाधि भी हासिल की उन्हें चौथी पीएचडी उस्मानिया विश्वविद्यालय भारत से मिली इस तरह हम कह सकते हैं कि जो लोग आज अम्बेडकर को खारिज करते हैं वे पढाई के मामले में उनके पैरों की धूल भी नहीं हैं मुझे लगता है कि दलित समाज को अंबेडकर के छात्र जीवन से ज्यादा प्रेरणा लेनी चाहिए इस मौकें पर मानसिंह, यशपाल, सुरेंद्र, राजीव आदि मौजूद रहे।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी की हुई घोषणा नगर की समस्याओं पर भी की गई चर्चा

**नीलकंठ /यूरेशिया।**



बड़ौत। नगर के बावली रोड़ पर स्थित दयानंद विद्या मंदिर में रविवार को सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता बेगराज सिंह श्योराण तथा संचालन राजवीर सिंह तोमर ने किया ।

बैठक में सचिव के द्वारा पिछली सभा की कार्यवाही एवं प्रगति रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की गई, जिसे संतोष जनक मानते हुए सदन द्वारा पुष्टि कर दी गई तत्पश्चात सर्वसम्मति से शिवनारायण शर्मा को संगठन का कोषाध्यक्ष तथा वीरपाल सिंह को ऑडिटर चुना गया। बड़ौत नगर तथा सदस्यों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम बनाया गया। बावली रोड चौराहे से ठाकुरद्वारा होते हुए संजय मूर्ति तक जर्जर हो चुकी सड़क को बनवाए जाने की मांग रखी गई। नगर में अतिक्रमण , बंदरों एवं बेसहारा पशुओं तथा मच्छरों की समस्या , बिनौली रोड फाटक पर बन रहे फ्लाईओवर के दोनो तरफसाइड लेन न होने से आने जाने में हो रही अत्यधिक परेशानी तथा सी ओ ऑफिस के पास नगर पालिका की बंद पड़ी लायब्रेरी को पुनरू सुचारू रूप से चालू करवाने के लिए भी मांग रखी गई ।

सभा में मुख्य रूप से ईलम चंद इंसा बृजपाल सिंह आर्य सत्यपाल सिंह पथो लिया राकेश कुमार शर्मा तेजेंद्र चौहान हरपाल सिंह सोमदत्त शर्मा वीरपाल सिंह अशोक कुमार याकूब अहमद हरवीर सिंह ओम प्रकाश राधेश्याम डॉक्टर ओमवीर सिंह प्रोफेसर डॉक्टर हरपाल सिंह शिवनारायण शर्मा इंद्रपाल लक्ष्मण सिंह जगमेघ सिंह पवार हरपाल सिंह राजेंद्र कुमार आर्य सुखपाल सिंह तोमर ओमवीर सिंह तोमर राजकुमार रोहिला राजपाल आर्य सुदेश कुमार तोमर प्रहलाद सिंह प्रमुख नरेंद्र जैन ज्वैलर्स आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की धूमधाम से मनाई जयंती

**विपुल जैन/युरेशिया**



बागपत। पुराने कस्बे के अम्बेडकर भवन में डॉ भीमराव अम्बेडकर वेलफेयर संगठन के सौजन्य से रविवार को संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर फूल माला पहनाकर उन्हें नमन किया और उनके विचारों व सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर उनके नक्शे कदम पर चलने की बात कही।

इस मौके पर प्रमुख समाज सेवी यशपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक साधनहीन परिवार में हुआ था, लेकिन फिर भी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की और भारत में गैर बराबरी की जो परंपरा सदियों से चली आ रही थी उसको समाप्त करने के लिए जीवन भर अथक प्रयास किया। कहा कि उन्होंने देश व समाज के लिए जो कार्य किये है, उन्हें कभी भुलाया नही जा सकता। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष मंजू रानी व कुसुमलता ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के ऊपर एक से बढ़कर एक गीत सुनाए और श्रोताओं की जमकर तालियां बटौरी। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान मेधावी बच्चों को मेडल व पटका पहनाकर तथा ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता रामकिशन ने की जबकि संचालन समाज सेवी मास्टर संजीव कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर वेलफेयर संगठन के अध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, संरक्षक दिलीप सिंह, जिला महिला षिक्षक संघ की अध्यक्षा मंजु रानी, नीलम, सुरेश कुमार सीएमओ ऑफिस, अजय कुमार, मास्टर अजय कुमार, शीतल प्रसाद वाल्मीकि, रिटायर्ड मैनेजर सितार सिंह, एसपी स्टेनो बालक राम चक, एड़वोकेट प्रमोद कुमार, एड़वोकेट संजय सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जाट सभा ने लोकतन्त्र सेनानी जयपाल सिंह का मनाया जन्मदिन

**विपुल जैन/युरेशिया**



बागपत। जिला जाट सभा बागपत के तत्वाधान में जनपद बागपत के प्रमुख समाजसेवी, जाट सभा के पूर्व प्रधान संरक्षक और लोकतंत्र सेनानी चौधरी जयपाल सिंह के 95वे जन्म दिवस के अवसर पर नौरोजपुर गुर्जर गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की आरंभ में यज्ञ का आयोजन किया गया तदोपरांत जिला जाट सभा के अध्यक्ष चौधरी देवेंद्र धामा व पदाधिकारियों द्वारा जिला जाट सभा की ओर से चौधरी जयपाल सिंह को पगड़ी व माला पहनाकर और गुलाब पुष्प वर्षा कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित जाट सभा के पदाधिकारियों व चौधरी जयपाल सिंह के परिवारजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी देवेंद्र धामा ने कहा कि चौधरी जयपाल सिंह जनपद बागपत की जाट समाज की उन शख्सियतों में से एक है, जो सदैव सामाजिक सरकारों के प्रति गंभीर और संवेदनशील रहे। इनके द्वारा आपातकाल का विरोध किया जिस कारण जेल भोगी गई और जब 1980 में महिला माया त्यागी के साथ पुलिस द्वारा जब बर्बर व्यवहार किया गया तो माया त्यागी कांड आंदोलन में महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष धर्मपाल सिंह बाघू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास नैन, महासचिव एडवोकेट गजेन्द्र सिंह, पूर्व महासचिव नगेंद्र सिंह, प्रवीण मलिक,शीशपाल तोमर, शांतनु धामा, तेजपाल सिंह, प्रताप सिंह, अक्षय चौधरी, संजय नैन , हरि सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**विपुल जैन/युरेशिया**




बागपत। ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा में संविधान रचियता, भारत रत्न से सम्मानित समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक ब्रिजेश कुमार शर्मा ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए कार्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। ब्रिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभी धर्मो को एक समान मानने वाले समाज सुधारक थे। सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर स्कूल की वाइस प्रिंसिपल आभा शर्मा, श्रीराम, किशोर शर्मा, प्रविंद्र कुमार, ओमबीरी, इन्दु शर्मा, दीपा जैन, मानसी ठाकुर, सोनम धामा, काजल, शिवानी कश्यप, शालू धामा, शिखा शर्मा, रीना चौधरी, शालिनी, काजल धामा आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की धूमधाम से मनाई जयंती

**विपुल जैन/युरेशिया**



बागपत। पुराने कस्बे के अम्बेडकर भवन में डॉ भीमराव अम्बेडकर वेलफेयर संगठन के सौजन्य से रविवार को संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर फूल माला पहनाकर उन्हें नमन किया और उनके विचारों व सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर उनके नक्शे कदम पर चलने की बात कही।

इस मौके पर प्रमुख समाज सेवी यशपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक साधनहीन परिवार में हुआ था, लेकिन फिर भी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की और भारत में गैर बराबरी की जो परंपरा सदियों से चली आ रही थी उसको समाप्त करने के लिए जीवन भर अथक प्रयास किया। कहा कि उन्होंने देश व समाज के लिए जो कार्य किये है, उन्हें कभी भुलाया नही जा सकता। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष मंजू रानी व कुसुमलता ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के ऊपर एक से बढ़कर एक गीत सुनाए और श्रोताओं की जमकर तालियां बटौरी। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान मेधावी बच्चों को मेडल व पटका पहनाकर तथा ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता रामकिशन ने की जबकि संचालन समाज सेवी मास्टर संजीव कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर वेलफेयर संगठन के अध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, संरक्षक दिलीप सिंह, जिला महिला षिक्षक संघ की अध्यक्षा मंजु रानी, नीलम, सुरेश कुमार सीएमओ ऑफिस, अजय कुमार, मास्टर अजय कुमार, शीतल प्रसाद वाल्मीकि, रिटायर्ड मैनेजर सितार सिंह, एसपी स्टेनो बालक राम चक, एड़वोकेट प्रमोद कुमार, एड़वोकेट संजय सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पत्रकारों के हितों को लेकर हुई बैठक



## भविष्य में होगी मासिक बैठक

**नीलकंठ /यूरेशिया।**

बड़ौत। नगर के बिजरौल रोड स्थित टाउन ऋश होटल पर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में पत्रकारों के हितों को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें पत्रकारों के हितों के लिए भविष्य में कदम उठाने तथा कार्यकारिणी के विस्तार के प्रस्ताव पारित किए गए। रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों के हितों के लिए खुद ही कार्य करना होता है। पत्रकारों के पास केवल कलम की ताकत होती है। यह कठिन परिस्थितियों में भी काम करते हैं। दिन में तो उन्हें खबरों को खोजना होता ही है। साथ ही रात्रि में भी वह काम करते हैं। इसके लिए पत्रकारों को संगठित होकर कार्य करते रहने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि यदि खबरों को लिखते समय जांचना और परखना जरूरी होता है। किसी के कहने में आकर दूसरों के हितों पर कुठाराघात न किया जाए। समाज में अनेक समस्याएं होती हैं। यह उनकी कलम से हल हो सकती हैं। इस मौके पर भविष्य में हर माह के पहले रविवार को बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिससे वह आपस में मिल-जुलकर बात कर सकें। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश तोमर, जिलाध्यक्ष सुनिल चौहान, महासचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष अरुण राठी, अमित सैनी, संदीप दहीया,के अलावा डा. आरआरडी उपाध्याय, डा. राजीव गुप्ता, प्रमोद पंवार आदि मौजूद रहे।

# ईपीई पर केंटर की टक्कर से चालक की मौत

**धर्मपाल सैनी / युरेशिया**

ईपीई पर सरफाबाद के समीप हरियाणा से गददे डालकर केंटर से लौट रहा चालक की सरफाबाद के समीप आगे खड़ी गाड़ी मे टक्कर लग गयी जिससे चालक की मौकें पर ही मौत हो गयी पुलिस ने शव को निकाल पोस्टमार्टम के लिए बागपत भिजवाया।

एटा के नगला हरजू निवासी 35 वर्षीय राकेश पुत्र जयवीर केंटर चालक है वह नोएडा की एक कम्पनी में काम करता था रात्रि वह अपने हेल्पर श्यामवीर पुत्र जनक निवासी बदायू के साथ नोएडा से केंटर में गददे लेकर हरियाणा के झज्जर गया था और वहा गददे उतार वापस लौट रहा था जब वह ईपीई पर रात्रि सरफाबाद के समीप पहुंचा तो नीद की झपकी आने से उसका केंटर आगे साईड में खड़ी गाडी से टकरा गयी है उसमे उसमे भीचने से चालक की मौकें पर मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुश्किल से चालक का शव बहार निकाला और पोस्टमार्टम के लिए बागपत भिजवाया वही मृतक के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन बागपत पहुंच गये और पोस्टमार्टम के बाद शव अपने साथ ले गये। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया की अभी कोई तहरीर नही आयी है तहरीर आने पर मुकदमा कायम कराया जायेगा

# बारिश के चलते आम और गैहूं,सरसों की फसलों को नुकसान

**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**



बारिश के चलते गैहूँ कटाई कर रहे किसानों को परेशानी का सामना करना पड रहा है गेहूं भीगकर काला पड़ने को लेकर किसान चिन्तित है वही आम के बौर पर आया दाना भी खराब होने की सम्भावना बनी है जिससे किसान परेशान है।

अचानक आये मौसम में बदलाव के चलते किसानों को चिन्ता में डाल दिया शनिवार शाम जहा आधीं के चलते किसान परेशान नजर आया वही रविवार सुबह बारिश के चलते किसान मायूस नजर आया दरअसल खेतो में गैहूं कटाई और सरसों कटाई का कार्य जोरो पर चल रहा है किसान फसल काटकर खेतो मे ही लगा रहा है जिसके बाद किसान फसल को निकाल घर ले आता है लेकिन घर आने से पहले मौसम के बिगडने से किसानों को परेशानी में डाल दिया है रविवार सुबह बारिश होने से किसानों की खेतो में पड़ी गैहू और सरसों की फसल को नुकसान होगा किसानों ने बताया की बारिश में भिगने से गेहूँ का दाना काला पड़ खराब हो जायेगा वही सरसों का दाना गिर जायेगा जिससे किसानों को नुकसान होगा वही हाल आम बागानों का है आम बागानों पर बौर के बाद आम का छोटा दाना बनने लगा है बारिश के चलते यह छोटा आम खराब होने की सम्भावना है इसके अलावा सब्जी की फसल को भी नुकसान होगा जिससे लेकर किसान चिन्तित है किसानों का कहना है की साल भर मेहनत करके वह फसल उगाते है और मौसम की मार एक पल में उनकी मेहनत पर पानी फेर देती है किसान खेतो मे अपनी फसलो को बचाने मे लगे है।

# मां भगवती के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी के जयकारों से गूंजे मंदिर

**विपुल जैन/युरेशिया**




बागपत। नवरात्र के छठे दिन मंदिरों में मां भगवती के छठे स्वरुप देवी कात्यायनी की विधि- विधान के साथ पूजा- अर्चना की गई।


इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा मंदिर देवी कात्यायनी की जय-जयकार के उद्घघोषों से गूंज उठा। इस मौके पर प्रमुख समाज सेविका मनोरमा श्रोती ने देवी कात्यायनी की पूजा- अर्चना की और उनसे घर-परिवार व देश-समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। नवरात्र को लेकर मंदिरों को बहुत ही भव्य तरीके से सजाया गया है, जिसकी रौनक देखते ही बनती है। सुबह से लेकर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा हुआ है और बाजार मां की चुनरी व व्रत के सामानों से सजे हुए हैं। जगह-जगह देवी के जागरण आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। पूजा-अर्चना के बाद मंदिरों में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

# गौशालाओं में गोवंसो की हो रही है दुर्गति: अर्जुन

## राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला टीम ने गौशाला का किया निरीक्षण, पाई खामियां।

**युरेशिया संवाददाता**

बागपत। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अर्जुन के नेतृत्व में रविवार को गांव सुरूरपुर गौशाला में ग्रामीणों की शिकायत पर छापेमारी की गई इस दौरान वहाँ पर गौ माता की हालत बहुत ही खराब देखी गई। बीमारी के चलते मृतक गोवंस पड़ी हुई थी,जिनके ऊपर सही प्रकार से मिट्टी भी नहीं डाली गई थी।गाय माता को 15 फीट गहरे गड्ढे में डाला हुआ था,जिस पर चार तस्ले मिट्टी डाली हुई थी। वही गाय माता का शव भी खुर्द बुर्द दिख रहा था। वही जब इस मामले में गौशाला वालों से बातचीत की गई तो, गौशाला वालों का यह कहना है, की जब 10 से 15 गोवंश मर जाता है तभी हम सभी गौ माता को एक साथ गड्ढे में डालकर फिर मिट्टी डाल देतें है। वही दूसरी और नमक के कट्टो पर भी माटी जमी हुई है।गौशाला की हालत अत्यंत ही खराब है गौशाला में 600 के करीब गोवंश बताए गए हैं, और 18 कर्मचारी कार्य करने वाले हैं जोकि गोवंशों की देखभाल करते हैं। गौशाला का संचालक जगबीर प्रधान को बताया गया है, जोकि गांव सरूरपुर के है, गौशाला का सेक्रेटरी उपदेव है।गौशाला में छापेमारी के दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्य खेकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष वागीश धामा,आदितिया,मनेंद्र,अंकुर,आशीष धामा,हरित,गौरव,हिमांशु आदि उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# छात्रों की दर्दनाक मौत

## आपराधिक लापरवाही की तय हो जवाबदेही


संजय त्यागी 'महादेव'

हरियाणा के महेंद्रगढ़ स्थित कनीना में ड्राइवर की लापरवाही से एक निजी स्कूल की बस के पेड़ से टकराने के बाद हुई दुर्घटना में छह छात्रों की मौत हृदय विदारक है। दो भाइयों की मौत से उनके परिवार पर क्या गुजर रही होगी, अहसास करना कठिन नहीं है। इस तरह के हादसे हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरते हैं। इसे एक दुर्घटना कहने की बजाय आपराधिक लापरवाही कहना उचित होगा। जिसमें स्कूल प्रबंधन, चालक तथा प्रशासन की काहिली की बराबर की जिम्मेदारी है। एक खटारा बस को शराबी चालक द्वारा बेलगाम रफ्तार से दौड़ाना एक आपराधिक कृत्य ही कहा जाएगा। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब ईद पर राष्ट्रीय अवकाश था तो स्कूल क्यों खोला गया था? सार्वजनिक अवकाश के दिन स्कूल खोलने पर प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जानी चहिए। इस दुर्घटना में कई स्तर पर आपराधिक लापरवाही नजर आती है। ग्रामीणों के अनुसार कई साल पहले इस बस के फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि खत्म हो चुकी थी, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए इसे सड़कों पर चलाया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन मोटी फीस वसूलने में तो लगा रहता है लेकिन उसे ख्याल क्यों नहीं आया कि बस का फिटनेस प्रमाणपत्र छह साल पहले खत्म हो चुका है। क्यों नहीं देखा कि ऐसे वाहन से तमाम बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है? सवाल उठना लाजिमी है कि बस की हालत और चालक की आदतों को देखते हुए इन मासूमों के जीवन को खतरे में डालने की स्थिति क्यों पैदा होने दी गई? सवाल पुलिस प्रशासन पर भी है कि क्यों बेलगाम गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी का कोई तंत्र काम नहीं कर रहा है? विडंबना है कि हर हादसे के बाद शासन-प्रशासन चुस्ती दिखाता है और कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कमोबेश इस घटना के बाद भी इसकी पुनरावृत्ति होगी।

विडंबना यह है कि सरकारी स्कूलों की बदहाली से खिन्न होकर जागरूक अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यमों वाले प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। अभिभावकों की इसी सोच के चलते अनेक कारोबारियों, व्यापारियों तथा राजनेताओं ने बड़े नाम व चमक-दमक वाले निजी स्कूल खोल लिये हैं। लेकिन इन स्कूलों में शैक्षिक मानकों तथा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में घोर लापरवाही बरती जाती है। छात्रों से फीस तो मोटी ली जाती है लेकिन उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायी जाती। शिक्षकों को दिये जाने वाले वेतन को लेकर भी अकसर सवाल उठते रहते हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि कम वेतन व असुरक्षित सेवाओं के बावजूद शिक्षक व अन्य कर्मचारी मिल जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति ड्राइवरों की भी है। चालक को इतना वेतन नहीं मिलता है कि प्रशिक्षित व अनुभवी चालक इन बसों में तैनात किये जा सकें। जिसका नतीजा महेंद्रगढ़ के कनीना में हुआ हादसा है। जिसके चालक पर आरोप है कि वह ड्यूटी के दौरान शराब पीकर नशे में बस को बेतहाशा दौड़ा रहा था। निस्संदेह, ऐसी स्थितियां ही दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। हमेशा की तरह शासन-प्रशासन ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, परिवहन विभाग के किसी कनिष्ठ कर्मी को निलंबित किया है। कुछ दिनों मामले के गरम रहने तक नई सुरक्षा घोषणाएं होती रहेंगी। नेताओं की तरफसे संवेदनाएं व्यक्त की जाती रहेंगी। कुछ दिनों बाद फिर स्थितियां ढर्रे पर लौट आएंगी। ऐसे हादसों को टालने के लिये अभिभावकों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। उन्हें अभिभावक-शिक्षक बैठकों में बच्चों की सुरक्षा व बसों की आवागमन स्थिति को लेकर स्कूल प्रशासन पर निरंतर दबाव बनाना चाहिए।

## नया उगने की आहट

**प्रतिभा कटियार**

सुबह की चाय पीते हुए कैथरीन से मिली। उसकी आंखों में बीते समय की परछाई थी। मैंने उससे पूछना चाहा, 'क्या तुम बदल गयी हो?' लेकिन कुछ भी बोलने का मन नहीं किया। चुपचाप उसके पास बैठी रही। कानों में झरते पत्तों की आहट का धीमा संगीत घुल रहा था। कभी-कभी ऐसा होता है जब कोई नहीं बोलता है तो कुछ आवाज उस सन्नाटे को चीरती-सी महसूस होती है। पतझड़ हाथ में है या मन में या जीवन में सोचते हुए झरे हुए पत्तों को देखते हुए मुस्कुराहट तैर गयी। पत्ते गिर रहे हैं, नयी कोंपलें आने को हैं। यह सब देखकर मुझे कश्मीर याद आ गया। कश्मीर यूनिवर्सिटी की वह दोपहर जब बड़े से कैंपस के एक कोने में बैठकर चिनारों के झरते पत्ते देख रही थी। किसी जादू-सा लग रहा था सब। झरते हुए पत्ते जैसे झरने का आनंद जानते हैं। झर रहे हैं, अनवरत। वैसे ही जैसे झरना झरता रहता है, अनवरत।

झरते पत्तों का असल सत्य क्या है, यही कि वह पूरा जीवन जी चुके होते हैं। बड़े सलीके से शाख से हाथ छुड़ाते हैं। शाखों के कानों में उम्मीद की कोपल का मंत्र फूंकते हुए और लहराते हुए, हवा में नृत्य करते हुए धरती को चूमने को बढ़ते हैं। सर्द हवाएं इस खेल को और भी सुंदर बनाती हैं और झरते पत्तों का नृत्य हवा में कुछ देर और ठहर जाता है। इन्हीं ठहरे हुए खुश लम्हों का सुख नयी कोंपलों की खुशबू बन खिलता है। यही तो कुछ संदेश देता-सा होता है। पत्तों का झरना और झरते पत्ते। वाह क्या कहना।

'कैथरीन क्या तुम मुझे पहचानती हो?' पूछने का जी हो आया। फिर सोचा वह कैसे पहचानेगी भला? लेकिन क्यों नहीं पहचानेगी आखिर हम सब दुनियाभर की स्त्रियां एक ही मिट्टी की तो बनी हैं। चेहरे अलग, नाम अलग, देश अलग पर वह जो धड़कता है सीने में दिल वह जो नरमाई है वह क्या अलग है। नहीं ऐसा कहां है। सब की बात एक-सी है। सबमें वही नम्रता है। आईना देखा तो इसमें न जाने कितने चेहरे नजर आने लगे, कैथरीन, रूहानी, सारथी, पारुल, रिद्म और भी न जाने कितने। जी चाहा पोंछ दूं तमाम पहचानें, उतार फेंकूं नाम, चेहरे से चेहरा पोंछ दूं। फिर किसी नयी कोंपल-सा उगे कोई नया चेहरा, नयी मुस्कान।

तभी एक बच्ची की हंसी कानों में झरी। वो स्कूल ड्रेस में खिलखिलाते हुए स्कूल जा रही थी। मैंने कैथरीन को देखा उसने मुझे3 हम दोनों जिंदगी की पाठशाला में नए सबक सीखने को बढ़ गए। सलीम मियां सारथी और रिद्म नाम की पगडंडियों को दूर से देख रहे थे। दोनों पगडंडियों पर खूब फूल खिले थे3। यही झरना और यही खिलना, संदेश है जीवन का।

साभारः प्रतिभा कटियार डॉट ब्लॉगस्पॉट डॉट कॉम

# भाजपा ने समरसता दिवस के रूप में मनाई अम्बेडकर जयंती



**नीलकंठ/ युरेशिया**

बड़ौत संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के पत्थर वाली मंडी स्थित चुनाव कार्यालय पर समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बाबासाहेब के व्यक्तित्व कृतित्व पर वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा करते हुए उनके बताए हुए आदर्शों पर चलने का संकल्प किया। इसी प्रकार से भाजपा की ओर से जिले के सभी बूथों पर भी अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान एससी मोर्चा के जिला संयोजक आत्माराम मौर्या, मंडल प्रभारी डॉ नीरज कौशिक, वरिष्ठ नेता मित्रपाल बाल्मीकि, जिला मंत्री दीपक भारती, अमित जैन, मनोज कटारिया, विनोद पांचाल, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, बोबील चौधरी, दीपा त्यागी, प्रमोद खौखर, जागेश्वर, सतीश त्यागी, गौरव शर्मा भानू, प्रभात स्वामी, सारिका, सन्तोष आदि मौजूद रहे।

# व्यापक तार्किक चिंतन आधारित हो जनकल्याण

**सुरेश सेठ**



आम चुनावों की घोषणा के बाद से ही वादे गारंटियों में बदल रहे हैं और गारंटियां बहुवचन में। एक दल अपनी गारंटी के पक्का होने की बात करता है, दूसरा दल कई गुना गारंटियों का दावा करता है। आम आदमी चाहता है कि उसे अपनी शिक्षा और योग्यता के अनुसार उचित नौकरी की गारंटी मिले। देश में भ्रष्टाचार का सफाया हो। देश में किसी को भूखा नहीं मरने दिया जाएगा। पिछले दिनों देश में मनरेगा की दरें बढ़ाने के वादे हुए। लेकिन आर्थिक विषयों के मर्मज्ञ अभी तक यह जान नहीं पाए कि मनरेगा जैसी योजना जिसमें वर्ष में बेरोजगार परिवार के एक सदस्य को 100 दिन का रोजगार दिया जाता है। आखिर ?उसके उत्पादन के किसी निर्दिष्ट लक्ष्य से क्यों नहीं जोड़ा जाता? क्यों लार्ड केन्स की थ्योरी ही चलती है कि सार्वजनिक निवेश करो चाहे गड्ढे खोदने और उन्हें भरने का ही काम क्यों न हो? लेकिन ऐसा काम क्यों? आखिर मनरेगा के समकक्ष निर्माण योजनाएं क्यों सामने नहीं आतीं?

अभी जो नई घोषणाएं हुई हैं उनमें हर चुनावी दल के एजेंडे में महिलाओं को प्रति माह 1 हजार से 15 सौ रुपये देने के वादे हैं। मुफ्त राशन है, मुफ्त बिजली है और मुफ्त चिकित्सा भी। लेकिन अर्थशास्त्री कहते हैं कि इस तरह की उदारवादी घोषणाओं से राज्य अपनी आय प्राप्ति की सीमा से बाहर चले जाते हैं। अपने वादों या गारंटियों को पूरा करने के लिए उन्हें कर्ज चुकाने पड़ते हैं। हर कर्ज पर ब्याज अदा करना पड़ता है और मूल की वापसी भी करनी पड़ती है। देश में कर्जदार राज्य तो लगभग सभी हैं, लेकिन केरल जैसा पढ़ा-लिखा राज्य भी कर्ज के बोझ से कुछ इस तरह दब गया कि उसे अतिरिक्त कर चुकाने हेतु 10 हजार करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। पहले यह रुपया केन्द्र से मांगा था, केन्द्र ने मना कर दिया कि इस पर तो पहले ही बहुत कर्ज है।


इस दिशा में पंजाब और केरल में भी कई समानताएं नजर आती हैं। 13वें वित्तीय आयोग ने तीन राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने के बारे में चेताया था। उन्हें इस जाल से बाहर आने के लिए वित्तीय सुधार के निर्देश दिए थे। ये राज्य थे केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल। अब राजनीति के तकाजे ये हैं कि मुफ्तखोरी की घोषणाएं निरंतर करनी पड़ती हैं। पंजाब का यह हाल है कि उसे अपने ग्रामीण विकास फंड का 6 हजार करोड़ रुपया केन्द्र से लेने के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हालांकि, केरल राजस्व प्राप्ति में पंजाब से आगे है लेकिन वहां कल्याणकारी राज्य कहलाने के लिए कर्जे भी अधिक लिए जा रहे हैं। दूसरी ओर पंजाब पर भी 3,23,135 करोड़ रुपये का कर्ज हो गया है। अगले वर्ष में यह घटने की बजाय 3,53,600 करोड़ हो जाएगा। दरअसल, निरूशुल्क बिजली , बसों की मुफ्त यात्रा और अन्य रियायतों की योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। वैसे राज्य सरकारों का मुख्य राजस्व तो वेतन, पेंशन और ब्याज चुकाने पर ही खर्च हो जाता है। जनता के लिए लोकलुभावन घोषणाओं को पूरा करने के वास्ते अधिक से अधिक कर्ज उठाया जाता है। यह नीति बदलनी होगी। पहले हर राज्य यह समझ लें कि जो कर्ज वह केन्द्र या रिजर्व बैंक से ले रहा है, वो अंततरू उसे चुकाना है। मूलधन ही नहीं, ब्याज सहित भी। इसमें कोई रियायत नहीं होगी।

दरअसल, कर्ज का जाल तो हर देश, हर राज्य के लिए जंजाल है। इससे जूझने के उपाय भी उत्पादन और निवेश की धरातल पर होने चाहिए। केंद्र व शीर्ष न्यायपालिका ने मुफ्त बिजली और अन्य मुफ्त सुविधाएं देने वाले राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। लेकिन शायद यह दलगत या राजनीतिगत मजबूरी है कि वोटर वर्ग को आकर्षित करने के लिए हर दल दूसरे से आगे बढ़कर ऐसी लोकलुभावन घोषणाएं करता है। पहले जनकल्याण की जिम्मेदारी सार्वजनिक क्षेत्र को दी गई थी। इसके लिए दो साल पहले भारत की वित्तमंत्री ने घोषणा भी की थी कि अब बजट में बुनियादी उद्योगों पर निवेश में ही प्राथमिकता दी जाए ताकि देश में दीर्घकालीन और स्थायी विकास का आधार बने।

विडंबना है कि लोकलुभावन घोषणाएं अतिरिक्त उत्पादन या निवेश का परिणाम नहीं होतीं, उससे देश की जीडीपी से लेकर देश के रोजगार में अतिरिक्त वृद्धि भी नहीं होती। हां, इतना अवश्य है कि राज्यों पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। जो अंततरू उनके हाथ बांध देता है क्योंकि उन्हें कर्ज तो अंततरू चुकाने ही पड़ते हैं। जरूरी हो गया है कि नवनिर्माण के इस अवधि काल में सरकारें रियायती नीतियों की जगह निर्माण और निवेश युग की ओर पलटें। लघु और कुटीर उद्योगों में उचित निवेश किया जाए क्योंकि सबसे अधिक रोजगारपरक ये उद्योग ही होते हैं। जब समाज के अंतिम आदमी को रोजगार मिलेगा और उसकी आय में वृद्धि होगी तो उसकी मांग बढ़ेगी। यह मांग निवेशकों और उत्पादकों के लाभ का आधार होगी। इसलिए जनकल्याण योजनाओं को सुदृढ़ आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़ा करें। लेखक साहित्यकार हैं।

# प्रभावी हो सकते हैं चुनाव पर आर्थिक कारक

**राजेश रामचंद्रन**



क्या यह घड़ी 2004 जैसी है? चौंकाने वाले परिणाम के साथ वह आम चुनाव विशेष रहा दृन केवल हारने वाले के लिए बल्कि जीतने वाले के लिए भीदृ और राजनीतिक पंडितों पर काफी देर तक इन नतीजों का असर बना रहा कि कैसे मायावी प्रचार की परिणति सत्ता में बदलाव बनकर आई। तथ्य यह है कि कांग्रेस ने जीत के लिए विशेष प्रयास नहीं किए थे लेकिन भाजपा के 'शाइनिंग इंडिया' नारे ने यह हाल करवा दिया। क्योंकि अधिकांश लोगों के लिए 'चमकता भारत' जैसा कुछ नहीं था, लिहाजा किसी नारा-लेखक की कलम से निकली यह चतुराई भरी पंचलाइन उलटी पड़ गयी।

यहां जो बात 2004 के चुनावी परिदृश्य की याद दिला रही है, वह है सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवेलपिंग सोसायटीज (सीएसडीएस) द्वारा करवाया हालिया सर्वेदृ यह एक थिंक टैंक है जिसकी स्थापना तकरीबन 60 साल पहले राजनीतिक विज्ञान के माहिर रजनी कोठारी, डीएल शेठ और आशीष नंदी द्वारा की गई थी। इस सर्वे के परिणाम बीते बृहस्पतिवार को एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार में छपे। इसके मुताबिक, मुख्य चुनावी मुद्दा हिंदुत्व न होकर बेरोजगारी और कीमतों में वृद्धि (महंगाई) है (यानी कि यह मुख्य चिंता है, जैसा कि सर्वे ने परिभाषित किया है)।

राम मंदिर और भ्रष्टाचार, दोनों 8 प्रतिशत सहित, मुद्दों की सूची में पांचवें पायदान पर हैं जबकि मुख्य चिंताओं के क्रम में, रोजगार (27), महंगाई (23), विकास (13) और अन्य (9 प्रतिशत) इनसे ऊपर हैं। सर्वे में बेरोजगारी को लेकर संत्रास का स्तर चौंकाता है। सर्वेकर्ताओं का दावा है कि यह अध्ययन 19 सूबों के 100 संसदीय चुनाव क्षेत्रों में 400 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 10,019 लोगों से बातचीत पर आधारित है। सर्वे में भाग लेने वालों में लगभग 62 प्रतिशत का कहना है कि नौकरी पाना मुश्किल हो गया है, स्थिति बड़े शहरों में छोटे कस्बों व गांवों के मुकाबले ज्यादा दुरूह है। यह चिंताजनक आंकड़ा है। आम नागरिकों में सबसे बड़ी संख्या रखने वाले वर्ग में रोजगार की उपलब्धतता किसी समाज की प्रगति का वास्तविक पैमाना होता है न कि स्टॉक सूचकांक में हो रही उत्तरोत्तर बढ़ोतरी या फिर भारतीय खरबपतियों की संपत्ति में होता इजाफा। वर्ष 2004 में भले ही सत्ताधारियों के मुताबिक तो भारत चमक रहा था किंतु गरीबों के लिए ऐसा कुछ नहीं था, लिहाजा उन्होंने अपना गुस्सा मतदान से जाहिर कर दिया।

जिस अन्य मुद्दे ने गरीब इंसान पर चोट की है वह है कीमतों का बढ़नाः अध्ययन में भाग लेने वालों में 71 प्रतिशत ने बढ़ती महंगाई की बात की है और गरीब तबके में यह आंकड़ा इससे भी ऊपर है- उनमें 76 प्रतिशत परेशान हैं। इस पर भाजपा को बैठकर ध्यान देना और मनन करना चाहिए। बेरोजगारी और महंगाई, जीवनयापन से परस्पर जुड़े दो ऐसे मुद्दे हैं, जिनकी अहमियत पहचान आधारित राजनीति से कहीं ऊपर है। यदि सबसे बुरी तरह प्रभावित मतदाता परेशान है और बहुत विशाल संख्या में है, तो जनमत-निर्माता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जो मर्जी कहें, हकीकत में इनका कोई असर नहीं और सर्वे के मुताबिक, सच सिर्फयही है।

2004 के विपरीत, कदाचित वर्तमान केंद्र सरकार को व्याप्त संत्रास के बारे में जानकारी है। चुनाव पूर्व इसकी तमाम गतिविधियां दर्शाती हैं कि सत्ताधारी दल को सुधारक उपाय करने की जल्दी लगी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भाजपा या तो स्थानीय भागीदारों से गठबंधन कर रही है या यह सुनिश्चित करने में लगी है कि चुनाव तीन या चार कोणीय बन जाए ताकि विपक्ष के मत बंट सकें। कम-से-कम ऊधमपुर में गुलाम नबी आजाद की पार्टी ने यह सुनिशिचत कर दिया है कि चुनावी मुकाबला बहु-कोणीय हो जाए, उम्मीद है उनका प्रत्याशी गुलाम मोहम्मद सरूरी मुस्लिम वोटें विभक्त करेगा।

पंजाब में भी मुकाबला चार कोणीय बनने से नतीजे मिल-जुले रहने का कयास है, यह स्थिति रिवायती तौर पर दो बड़े दलों के बीच होते आए चुनावी संग्रामों से अलग है। हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का भाजपा से आहिस्ता से गठबंधन तोड़कर अलग होने का फायदा सिर्फ सत्ताधारी दल को होगा क्योंकि विपक्ष की जाट वोटें बंट जाएंगी। चौटाला कुनबे की दो पार्टियां चुनावी संग्राम में हैं दृजेजेपी और भारतीय राष्ट्रीय लोकदलदृ और उम्मीद के मुताबिक दोनों ही जाट वोटों का एक हिस्सा ले पाने में सफल होंगे, जो अन्यथा कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा की झोली में जातीं।

अब, बीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र की कांग्रेस में वापसी होने से, जाटों में पार्टी की साख में बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे भाजपा की मंशा यही है कि शायद इससे मनोहर लाल खट्टर के राज से मतदाताओं में बनी नाराजगी से पार पाया जा सकेगा। किंतु खट्टर सरकार के नौ वर्षीय शासन में गैर-जाट वोटें लामबंद भी होने लगीं। यह चाल कारगर हो भी सकती है या नहीं भी, किंतु जो सामने दिखाई दे रहा है, वह यह कि भाजपा की चुनावी रणनीति स्थानीय मुद्दों, सत्ता विरोधी रुझान और अन्य सामाजिक कारकों की समझ पर आधारित है। क्या ये उपाय बेरोजगारी द्वारा उत्पन्न संत्रास का तोड़ बन पाएंगे?

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनोमी (सीएमआईई) के अनुसार जनवरी, 2023 में हरियाणा की बेरोजगारी दर (37.4 फीसदी) देशभर में सबसे बदतर रही। बेशक हरियाणा सरकार ने इस पर सवाल उठाए थे, और सीएमआईई के डाटा को अंतिम सत्य की तरह न लेकर महज सूचकांक की तरह लेना चाहिए। हरियाणा के आर्थिक संताप और भाजपा के राजनीतिक टोटकों को देखना रोचक है दृयानी मुख्यमंत्री बदलने और वोट विभक्त करने वाली रणनीति।

हर वह सूबा जिसका असर सकल परिणामों पर अधिक है दृ बशर्ते मुकाबला दो-ध्रुवीय न हो दृ और कई बार उन राज्यों में भी जहां पर दांव पर लगाने को अधिक नहीं है, भाजपा ने गठबंधन करने, वोट-विभक्त रणनीति, दल-बदल करवाने और सामाजिक शक्तियों को साथ लाने की कला बरती है। मसलन, बिहार में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और महाराष्ट्र में शिव सेना और एनसीपी से छिटके गुटों को साधकर साथ मिलाना। इन राज्यों में कुल मिलाकर 196 संसदीय सीटों के रूप में भारी गिनती दांव पर है और उक्त समस्त उपाय समस्या-निवारण रणनीति के तहत किए हैं। इन 196 सीटों में, भाजपा नीत एनडीए ने 2019 में 170 पर जीत हासिल की थी। लगता है भाजपा ने व्याप्त आर्थिक संताप से उपजी चिंताओं का पूर्वानुमान लगाकर ही इन तमाम राज्यों में चुनावी कलाबाजी की है। अब सवाल यह है दृक्या बेरोजगारी और महंगाई से बनी नाराजगी से भाजपा को इतना करारा झटका मिलेगा जिसकी ताव उपरोक्त पैंतरेबाजी वाले उपाय भी न झेल पाएं? साल 2004 में, मतदाता के आर्थिक कष्ट ने भाजपा को चुपचाप सत्ताच्युत कर दिया था, वह भी कांग्रेस द्वारा जीत के लिए खास जोर लगाए बिना। भाजपा के तत्कालीन बड़े नेता प्रमोद महाजन ने चुनाव के बाद स्वीकार किया था कि गरीबों ने उनकी सरकार गिरा दी।

लेकिन इस बार स्थिति अलग है। सरकार को पता है कि भविष्य उसके लिए क्या हो सकता है। लिहाजा प्रत्येक सूक्ष्म स्तर पर प्रबंधन किया है और प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषणों में अपनी सरकार द्वारा गरीबों की मुश्किलें दूर करने के लिए चलाई सामाजिक भलाई योजनाओं का जिक्र करते हैं। क्या यह उपाय कारगर होगा? अभी तक तो, गरीबों का गुस्सा चुप्पी साधे हुए है और असंतोष की सुनामी में बदलने के संकेत हाल-फिलहाल दिखाई नहीं दे रहे।

लेखक प्रधान संपादक हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के संबंध में मतदेयस्थलों की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में की बैठक

**मतदेय स्थल पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी ,रैम्प, फर्नीचर, शौचालय, छाया, आदि की व्यवस्थाओं का रखा जाए विशेष ध्यान**

**चुनाव में लगे अधिकारी आयोग की गाइडलाइन के अनुसार अपनी शक्तियों को पहचाने**

**बूथ पर जाने के लिए लगाए जाएं साइनेज बोर्ड**

**टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्भन करें**

**मतदान केंद्र पर बनाए जाएं मतदान मित्र**



**युरेशिया संवाददाता**

बागपत । जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण, भयमुक्त एवं प्रभावी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत 11-बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जनपद में तीन विधानसभा छपरौली बड़ौत बागपत आती है जिसके लिये 979मतदेय स्थल है जिस पर 26 अप्रैल2024 को मतदान होगा जिसमें 973029 जनपद के मतदाता लोकतंत्र के महा पर्व देश के गर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे उन्होंने कहा सभी मतदाताओं को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी ,रैम्प, फर्नीचर, शौचालय, छाया, आदि की व्यवस्था का रहे उन्होंने कहा सभी बूथों पे साइनेज लगे हो रूट चार्ट के आधार पर जिससे आने जाने बाले को कोई असुविधा ना हो बूथ पर लाइट की स्विच फोन व्यवस्था होनी चाहिए । जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल सभी मतदेय स्थलों की पूर्ण व्यवस्था की 21 अप्रैल तक सत्यापन रिपोर्ट देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी दिव्यांग मतदाता को बूथ तक पहुंचने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो उन्होंने कहा ऐसे मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर अवश्य रहे प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ मित्र बनाए जाएं इसकी जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को दी गई है जो आई कार्ड मैं एक पार्टिकुलर एनसीसी ड्रेस पहनेगी और मतदाताओं की हेल्प करेंगे।

जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 106 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए हैं जो अपने पोलिंग स्टेशनों (मतदेय स्थलों) का निरन्तर भ्रमण कर निरीक्षण करें। ए0एम0एफ0 के अन्तर्गत मतदाताओं को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी ,रैम्प, फर्नीचर, शौचालय, छाया, आदि की व्यवस्थाओं का भौतिक रूप से सत्यापन कर लें जिस बूथ पर भी कोई समस्या होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की होगी। उन्होंने कहा निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी मतदान कराने के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव समस्त एसडीएम खंड विकास अधिकारी अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर..

### गागलहेडी पुलिस ने 1 शातिर अभियुक्त को तंमचा, कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

प्रदीप धीमान/युरेशिया



गागलहेड़ी। पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा विपिन टाडा के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्रों के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक सन्दीप कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा 1 शातिर अभियुक्त भुल्लर पुत्र तालिब निवासी चाँदपुर को ग्राम चाँदपुर छपरेडी चौराहा थाना गागलहेडी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1 तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0 63/2024 धारा 3/25 आमर्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सन्दीप कुमार , उ0नि0 विकास सिंघल, है0का0 रवि, का0 सुशान्त कपिल शामिल रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वैशाखी पर्व



अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता। नगर के गुरुद्वारा साहिब गुरु सिंहसभा में खालसा सार्जना (स्थापना) दिवस वैशाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।इस दौरान कीर्तन के माध्यम से दशम पिता गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

शनिवार को नगर के मोहल्ला सरावज्ञान स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में खालसा पंथ का सार्जना (स्थापना) दिवस व वैशाखी पर्व के अवसर पर श्रीगुरु ग्रँथ साहिब जी के पाठ के साथ कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन के माध्यम से हेडग्रंथी ज्ञानी हरविंदर सिंह ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में वैशाखी पर्व पर कौम को जगाने के लिए केसगढ़ (आनंदपुर साहिब) की पावन धरती पर लोगों को इकट्ठा किया। उन लोगों में पांच प्यारों की चौन्ध करके उनको अमृत छका पंज प्यारे घोषित किए। जिन्होंने देश व धर्म के लिए विशेष योगदान दिया। आज भी सिख धर्म में पंज प्यारो को बहुत महत्व प्राप्त है। इसी दिन गुरु गोविंद सिंह साहब द्वारा खालसा पंथ की सार्जना करते हुए उनमें देश व कौन की रक्षा के लिए जज्बा पैदा किया गया।

इस दौरान प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह खालसा ने समूह साध संगत को खालसा सार्जना दिवस बैसाखी की बधाई दी। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान स. अरविंदर सिंह काका स. मुख्त्यार सिंह, राजकुमार कालडा, मनप्रीत सिंह, गगन कालड़ा, कमलप्रीत सिंह, अमनप्रीत सिंह, अमरदीप सिंह गिफ्टी, दलजीत कौर, शमा कौर, रजविंदर कौर, परमजीत कौर, रवनीत कौर, कुलजीत कौर, हरमीत कौर, कुलजोत सिंह रमन आदि ने धर्म लाभ उठाया।

### विशाल पद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, बाबा साहेब पद चिन्हों पर चलने का किया आह्वान

नाथी सहल/युरेशिया



चिलकाना । बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134वे जन्मोत्सव पर नगर में विशाल पद यात्रा निकाली गई । जिसमें बच्चे, महिलाये व युवा सम्मलित हुए ।पद यात्रा का शुभारंभ महोल्ला सरवरवाला श्रीगुरु रविदास मंदिर पर बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व केक काटकर किया गया पद यात्रा में सभी बाबा साहेब के नारों के साथ जय घोष करते हुए चल रहे थे ।संचालन आकाश काशी ने किया ।इस अवसर पर मा0 संदीप, मा0 अशवनी, सोनित, सुशील लाम्बा, अरुण, रवि, सोनी, विपिन वाल्मीकि, दिवेश, राज गौतम, अंकुश गौतम, सुनील, प्रताप, अबरेश, धर्मपाल, बबिता, कमलेश, कैलादेवी, ममता, रितु आदि सैंकड़ो की संख्या में समाज के लोग सम्मलित रहे ।

### अंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्राएं

मोमीन अली/युरेशिया



नागल। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 133 वें प्रकाश पर्व पर रविवार को क्षेत्र के कोटा, नैनसोब, सीडकी, सूभरी सहित 22 गांवों में अंबेडकर भवन में हवन यज्ञ कर बाबा साहेब के सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया गया। बाद में शोभायात्राएं निकाली गई। शोभायात्राओं में मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।कोटा में अंबेडकर भवन से शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य मार्ग व मेन बाजार होते हुए वापस अंबेडकर भवन पर ही संपन्न हुई। शोभा यात्राओं की सुरक्षा को सभी स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

### एकता जनसेवा समिति ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की



नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना।आज एकता जनसेवा समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश के लिए ऐसे संविधान की रचना की थी, जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। डा.भीमराव अंबेडकर ने उस समय देश में व्याप्त छुआछूत, ऊंचनीच को दूर करने का कार्य किया था। हम सभी को डॉ.अंबेडकर के बताएं पदचिन्हों पर चलना चाहिए। इस दौरान समिति के सदस्यों ने डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्याम कुमार सैनी,बालकृष्ण शर्मा,दीपक सैनी, अमित उपाध्याय, शक्ति चौधरी, मनोज सैनी, सागरपाल, सुशील मोगा, पवन गुम्बर,सचिन सैनी, विनोद कुमार, शिवकुमार, अनन्त सैनी आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा प्रत्याशी लखनपाल शर्मा के प्रतिनिधि रूप में पहुंचे एमएलसी वंदना वर्मा

सुनील सैनी/युरेशिय



मुजफराबाद। क्षेत्र के ग्राम मालयनमें कार्यक्रम में पहुंची, ग्राम वासियों ने बड़े ही ढोल नगाड़ों के साथ एमएलसी वंदना वर्मा का फूलों से स्वागत किया,

सभा को संबोधित करते हुए, एमएलसी वंदना वर्मा ने लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जैसे कि पीएम सम्मन निधि आयुष्मान कार्ड मुक्त बिजली मुफ्त शौचालय देने काम भी भाजपा सरकार ने किया, उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सबको साथ लेकर चलती है कोई भेदभाव किसी जाति धर्म के लिए नहीं किया जाता, 10 साल के कार्यकाल में देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने एक नए आयाम स्थापित किए हैं, एमएलसी वंदना वर्मा ने भाजपा के पक्ष में सत प्रतिशत वोट डालने की अपील की, स्वागत करने वालों में चौधरी नितिन, कमल राणा, बबलू सैनी पूर्व प्रधान, पवन सैनी, विकास कंबोज और क्षेत्रवासी मौजूद रहे, अध्यक्षता सतपाल चौधरी ने और संचालन किसान मोर्चा के अध्यक्ष साहब सिंह सैनी ने किया

## माता शाकंभरी के जयकारों से गुंजायमान रही शिवालिक घाटी

- रविवार को साप्ताहिक अवकाश एवं छठे नवरात्र पर उमड़ी भक्तों की भीड

भवानी सैनी/युरेशिया



बेहट (सहारनपुर)। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने एवं छठे नवरात्र पर सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। माता के दर्शनों को लगी भक्तों की लाइन शंकराचार्य आश्रम तक पहुंच गई थी। लाइनो में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारों से समूची शिवालिक घाटी गुंजायमान रही।

साप्ताहिक अवकाश एवं छठे नवरात्र के अवसर पर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची।श्रद्धालुओं ने पहले बाबा भुरादेव के दर्शन किए और बाद में सिद्ध पीठ पहुंचकर मां भगवती को प्रसाद चढ़ाया और मनोकामनाएं मांगी। माता के दर्शनों को लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए मां शाकंभरी के जयकारो से शिवालिक घाटी गुंजायमान रही। मनोकामना पूर्ण होने के बाद लेट लेट कर माता के दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी । माता के भजनों पर नाचते गाते श्रद्धालु सिद्धपीठ पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिक्षेत्र में विशाल भंडारों का भी आयोजन किया जा रहा है। मंदिर व्यवस्थापक राणा परिवार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं। मंदिर व्यवस्थापक आतुल्य प्रताप राणा ने बताया कि मेला क्षेत्र में शौचालय, बेरीकटिंग मार्ग का समतलीकरण, सीसीटीवी कैमरे आदि सभी व्यवस्थाएं मजबूत रूप से की गई है। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है मेला चतुर्दशी पर्व तक आयोजित किया जाएगा और इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने का अनुमान है।

**क्षत्रिय समाज ने राघव लखनपाल शर्मा का पगड़ी पहना, किया समर्थन**

## क्षत्रिय समाज मान, सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीता है: राघव

विकास शर्मा/युरेशिया



सहारनपुर,14अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा का क्षत्रिय समाज की पंचायत में पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया, जहां उन्होंने मिले आशीर्वाद और सम्मान को सदैव बनाए रखने का संकल्प लिया।

जनता रोड स्थित हरेटी में गांव बेहडा संदल, हलालपुर, लखनोती, बुड्ढाखेड़ा, पूवारका, हसनवाली, कोलकी, रंडोल, जीवाला आदि से आए क्षत्रिय समाज के लोगो की पंचायत में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बहुत यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पसंद के कारण ही उन्हें भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है और उनका एवं क्षत्रिय समाज का संबंध जन्म जन्मांतर का है। उन्होंने कहा कि जहां क्षत्रिय और ब्राह्मण एक साथ होते है वो ही पुण्य भूमि होती है। उन्होंने क्षत्रिय समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने सुख सुविधा को त्याग कर जंगल में वास किया और घास की रोटी खाकर जीवन यापन किया लेकिन अकबर को उसकी औकात बताने का काम किया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि क्षत्रिय समाज राष्ट्र की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाला गौरवशाली समाज है। उन्होंने कहा कि हम जीवन को मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए जीते है और क्षत्रिय समाज ने तो इसके लिए बलिदान और त्याग देकर गौरव शाली इतिहास संजोया है। उन्होंने कहा कि शास्त्र केव शस्त्र की भी आवश्यकता होती है और जब ये साथ साथ है तो किसकी हिम्मत है कि मुकाबला कर सके। उन्होंने कहा कि जो मान सम्मान उन्हें पगड़ी पहनाकर क्षत्रिय समाज ने उन्हें दिया है, उसका सम बनाए रखने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।उन्होंने अपना स्नेह एवं आशीर्वाद बनाए रखते हुए तीसरी बार केंद्र में अपनी सरकार बनाए रखने का भी आगे किया। पंचायत में पूर्व प्रधान सत्यपाल सिंह, प्रधान राकेश, मास्टर सरदार सिंह, ठाकू जसवंत सिंह, मास्टर कुशल पाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, जबर सिंह, नरेन्द्र चौधरी, कर्ण सिंह चौहान, राजेश निदेशक, योगेश प्रधान, अनूप प्रधान, अजब सिंह, भोपाल सिंह, सहित सैकड़ो क्षत्रिय समाज के लोगो की गरिमा मई उपस्थिति दर्ज की गई।

## सैनी समाज भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है: राघव लखनपाल शर्मा

- भाजपा ने सैनी समाज से मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सहित उन्हें भी दायित्व देकर सम्मान दिया: जसवंत सैनी

विकास शर्मा/युरेशिया



सहारनपुर। भारतीय जनता पार्टी के सहारनपुर लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने युवा सैनी सभा द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सैनी समाज सदैव भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा रहा है और भाजपा की ताकत के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।

बेहट रोड स्थिति सैनी धर्मशाला में आयोजित सभा को सम करते हुए कहा कि आज के सुंदर एवं भव्य कार्यक्रम में जिनका मार्गदर्शन मिल रहा है,वो सदैव मिल रहा है और भविस में भी मिलता रहेगा।उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के संसदीय औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक नरेश सैनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस इच्छा शक्ति से इनकी भूमिका विकास में देखने को मिल रही है, वह अब किसी से छिपी हुई नहीं है। राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सैनी समाज जन्मजात भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्त सैनी समाज का आश एवं स्नेह उन्हें एवं उनके पिताजी को भी मिलता रहा है, यहां सरसावा क्षेत्र के वो गणमान्य लोग भी मौजूद है जिन्होंने पिता जी के साथ ही उन्हें भी सहयोग और समा दिया है। उन्होंने कहा कि जब उनके पिता जी के सामने सैनी समाज के प्रत्याशी थे तब सैनी समाज के बाहुल्य वाले गांव से पिट जी के पक्ष में अधिक मत मिल थे और यही अनुभव उन्होंने भी किया है। ये आंकड़ा एक बार का नहीं बल्कि कई बार का है। उन्होंने सैनी समाज से आह्वान किया कि वे अबकी बार बंपर वोटो से जिताने में अहम भूमिका निभाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज बाबा साहब डाक्टर भीम राव आंबेडकर जी के जन्मोत्सव के कारण कई कार्यक्रमों में जाना है और राष्ट्र निर्माण में बाबा साह की भूमिका रही है। उन्होंने सैनी समाज द्वारा उन्हें भेंट की गई पगड़ी का सम्मान सदैव बनाए रखने का आश्वासन भी समाज के प्रबुद्ध लोगो को दिया तथा भगवा भगीरथ का आशीष सदा बनाए रखने की कामना भी की।

सभा में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने उन्हें ये जिम्मेदारी देकर जो समाज को सम्मान देने का काम किया है, इतना ही नहीं बल्कि हरियाणा में तो सैनी समाज के प्रमुख को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। राज्य मंत्री श्री सैनी ने कहा कि रुड़की निवासी कल्पना सैनी को राज्यसभा में भेजने और समाज को सम्मान देने का काम किया है, अब सैनी समाज की जिम्मेदारी बनती है की हम भाजपा प्रत्याशी को जिताने एवं केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। सभा की अध्यक्षता दमकड़ी के प्रधान वेद प्रकाश सैनी ने की। सभा में पार्षद संजय सैनी, राकेश सैनी विष्णु सैनी, रवि सैनी, वोगेश ,सैनी, शिव कुमार सैनी, अरविंद सैनी, भरत सिंह प्रधान, सुधीर सैन प्रधान, सोनू सैनी, सुबोध सैनी, मादा पाल सैनी, कर्मसिंह सैन ,अनिल सैनी सहित काफी संख्या में सैनी समा के प्रबुद्ध लोगो की गरिमामई उपस्थिति दर्ज की गई।

## जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों पर भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं की जांच कर प्रस्तुत करें रिपोर्ट: डीएम

- निर्वाचन में जो जिम्मेदारी दी गई है उसको उत्साह और मनोयोग से निभाएं
- घर घर जाकर वोटर पर्ची के वितरण की करें जांच मतदान केंद्रों पर पेयजल के साथ बुनियादी सुविधाएं कराएं सुनिश्चित

मोनू कश्यप/युरेशिया

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र के पोलिग बूथों का भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्वाचन में जो जिम्मेदारी दी गई है उसको उत्साह और मनोयोग के साथ निभाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव कार्यों के लिए प्रदान किए उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट 14 अप्रैल को अपने सेक्टर के सभी बूथों का निरीक्षण करके 15 अप्रैल को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शौचालय, प्रकाश, फर्नीचर, पेयजल, रैम्प सहित समस्त बुनियादी सुविधाओं की जांच कर लें। साथ ही साथ भ्रमण के दौरान यह भी देख लें कि एक केंद्र से दूसरे केंद्र तक जाने में कितना समय और कितनी दूरी पर स्थित है। यदि पहुंच मार्ग असुविधाजनक हो तो उसके संबंध में भी अवगत कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा की बूथ के आस पास और रास्ते में विद्युत तार लटके हो तो उसकी भी जानकारी दें।

डीईओ ने निर्देश दिए कि वोटर पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। घरों पर जाकर जांच भी करें कि वितरण हुआ है या नहीं। निर्वाचन कार्यों में लगे वाहनों की जीपीएस ऑन रहनी चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि प्रत्येक बूथ पर महिलाओं की सुविधा के लिए एक महिला कर्मचारी भी उपस्थित रहेगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज ताल्हापुर में रैली करेंगे हरियाणा के मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी



- भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा को समर्थन की करेंगे अपील
- पूर्व विधायक नरेश सैनी ने क्षेत्रवासियों से किया रैली को सफल बनाने का आह्वान

भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट (सहारनपुर) सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेहट विधानसभा के गांव ताल्हापुर पहुंच रहे हैं। जंहा वह सोमवार (आज) रैली को संबोधित कर भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की अपील करेंगे। भाजपा नेताओ ने क्षेत्रवासियों से रैली में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश सैनी ने बताया कि सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की नंबर एक विधानसभा बेहट क्षेत्र के गांव ताल्हापुर पहुँच रहे है। जहां वह करीब दोपहर दो बजे भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा के समर्थन में राधा स्वामी सत्संग भवन के निकट स्टेडियम में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि रैली में विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जनपद से भारी भीड़ उनके विचारों को सुनने के लिए पहुंचेगी। उन्होंने क्षेत्र वासियों से रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान भी किया।

## साधारणसिर में गठबंधन प्रत्याशी की चुनावी सभा



- क्षत्रिय समाज के लोगों ने किया इमरान मसूद का स्वागत

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद की साधारण सिर में आयोजित चुनावी सभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद राणा ने तथा संचालन सपा नेता जितेंद्र राणा ने किया।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद ने कहा कि भाजपा झूठे वादे करती है। इस सरकार के शासनकाल में बेरोजगारी तथा महंगाई चरम सीमा पर है। देश का किसान व गरीब जनता परेशान है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सरफराज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पप्पू चौधरी, लोकेश राणा, इस्लाम प्रधान, सलीम प्रधान, शिवम, इसरार प्रधान, मास्टर हुकम सिंह, विनय राणा, समयदीन, कंवरपाल पनियाली, मेवाराम प्रधान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, सपा जिलाध्यक्ष राव केसर सलीम, राजपाल सिंह, राजकुमार खेवरिया, रविंद्र राणा, युवा नेता नीरज राणा, रामवीर राणा, मोनू लंबरदार, प्रदीप राणा, सेठी राणा, रविंद्र राणा, प्रविंद्र राणा, भानु राणा, सुरेश प्रधान, सुनील राणा, विक्रम राणा, जंग बहादुर, नरेश राणा, शिव कुमार शर्मा, धीरज शर्मा, प्रवीण राणा, राजकुमार राणा, सतीश राणा, सुरेश प्रधान बसेड़ा, निखिल त्यागी, अंश त्यागी, विनोद त्यागी, पिंकी राणा खजूर वाला, कुलदीप राणा, दुष्यंत राणा आदि रहे।

## चिलकाना में देवी बाला सुंदरी मेला 22 अप्रैल से



नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना । कस्बे में लगने वाला मेला बाला सुंदरी देवी 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक लगेगा। मुख्य मेला चतुर्दशी 22 अप्रैल का है।

रविवार को मेला समिति की बैठक में मेला कमेटी के प्रबंधक पवन कुमार सिंघल ने बताया कि इस वर्ष बाला सुंदरी देवी के मेले आयोजन परंपरागत ढंग से किया जाएगा। मेले में सर्कस, दंगल, हिंडोले, सर्कल, खेल तमाशे आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मेले में लोगों की पहली पसंद दंगल होता है। दंगल के लिए प्रसिद्ध पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेले में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस तथा कॉलेजों के स्काउट छात्रों को लगाया जाएगा। मेला प्रबंधक ने कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने तथा पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। मेले के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों तथा सुसज्जित दुकानों के मालिकों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में राजीव कुमार सिंघल, बालकृष्ण शर्मा, सोनू सिंघल, राजीव गुप्ता, राकेश जैन, पवन पटवारी, नरेश सिंघल, लाला कुसुम चंद, गौतम देव अग्रवाल, प्रेमनाथ शर्मा, श्याम कुमार सैनी आदि रहे।

**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मण्डल**

सूचना, समाचार, विज्ञापन आदि के लिए संपर्क करे।

मोनु कश्यप
जिला प्रभारी
मो0 8630402509
प्रदीप धीमान
मण्डल प्रभारी
मो0 9045220410
अरविंद चौहान
गंगोह प्रभारी
मो0 9759693305
मणिकांत वत्स
स0पुर
मो0 9759178755
मोनीन
नागल प्रभारी
मो0 9639221277
अश्वनी धीमान
नानौता प्रभारी
मो0 9720509609
नाथीराम सहल
चिलकाना प्रभारी
मो0 6397074075
विकास शर्मा
तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0 97197 77268
मनोज कंबोज
बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0 96751 96324

## एक नजर..

# शराब तस्करों पर चला खाकी का चाबुक तीन गिरफ्तार



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए एसएसपी रोहित सिंह सजवाण के निर्देश अनुसार जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना देहली गेट और थाना नौचंदी पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान थाना देहली गेट पुलिस ने एक अभियुक्त सोनू पुत्र श्याम कुमार गुप्ता निवासी इन्द्रानगर-1 खत्ता रोड को 20 पाउच अवैध देशी शराब के साथ ईश्वरपुरी से गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना नौचंदी पुलिस ने कुटी चौराहा के पास से एक अभियुक्त तैयब पुत्र सिराजुद्दीन निवासी म0न0 442 गली न0 5 शाहजहां कालोनी को 20 पव्वे मिस इंडिया मार्का देशी शराब के साथ व करीम नगर वाले रास्ते पर एक अभियुक्त अजरुद्दीन पुत्र रहीसुद्दीन निवासी गली न0 13 ढबाई को 16 पव्वे ग्राण्ड मस्ती देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## आर्म एक्ट में युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर। सम्मनपुर पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आर्म एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के पलई रामनगर के पास बाइक सवार एक युवक कहीं जा रहा था। पुलिस इस समय अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चेकिंग अभियान चला रही है। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक किसी को मारने के लिए निकला है। पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए पलई रामनगर पुलिया के पास बाइक से आ रहे युवक को रोका तो वह पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने दौड़ा कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो युवक के पास से 7.65 बोर की नाजायज पिस्टल वह तीन अदद जिंदा कारतूस बरामद किया। युवक की पहचान ईश्वरपुर थाना सम्मनपुर के रोहन सिंह रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर आर्म एक्ट में जेल भेज दिया गया है।

## पूर्व प्रधान के निधन पर ग्रामीणों में शोक

अजीत सिंह/युरेशिया



सैदापुर (अम्बेडकर नगर)। जलालपुर ब्लाक के ग्रामसभा कटघर मूसा के 55 वर्षीय पूर्व प्रधान उमेश विश्वकर्मा का हार्ट अटैक के कारण निधन होने से ग्रामीणों में शोक है। रविवार को अपने ग्राम सभा कटघर मूसा में अंबेडकर जुलूस में शामिल हुए थे। जहां पर जुलूस संपन्न हो जाने के बाद गांव के मजरा ककरहिया में लोगों से मिलने गए थे। बताया जाता है कि वहीं पर उनकी अचानक तबियत बिगड़ने लगी। ग्रामीण द्वारा आनन फानन में उन्हें जलालपुर निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने बताया कि इनको हार्ट अटैक आया है। निजी अस्पताल से जवाब मिलने के बाद फौरन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके मृत्यु की खबर सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और फिर जलालपुर स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती





अजीत सिंह/युरेशिया

अम्बेडकरनगर। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती जहा पूरे देश विदेश में धूम धाम से मनाई जा रही है, वहीं सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद सईम ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर मालार्पण किया और मोहम्मद सईम ने संविधान बचाव संविधान पढ़ाओ के नारे लागये। उन्होंने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला और बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। डॉ. भीमराव अंबेडकर जाति से दलित थे। उनकी जाति को अछूत जाति माना जाता था फिर भी उन्होंने भारत सहित देश विदेश में विशिष्ट पहचान बनाई। मुख्य रूप से आलोक यादव, सरीफप्रधान, सुनील कोटेदार, आसाराम यादव, अजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी ने श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा को बनाया प्रत्याशी

आलम जैदी/युरेशिया



अम्बेडकरनगर। समाजवादी पार्टी ने अपनी आधिकारिक सूचि जारी की है, जिसमे बीएसपी के सांसद राम शिरोमणि वर्मा जिनको बीएसपी ने निष्कासित कर दिया था, उन्हें समाजवादी पार्टी ने श्रावस्ती से अपना उम्मीदवार बनाया है। रामशिरोमणि वर्मा मूल रूप से अम्बेडकरनगर के निवासी हैं पूर्व में अम्बेडकरनगर से बीएसपी के जिला अध्यक्ष रहे हैं चेयरमैन चुनाव भी लड़ चूके है मौजूदा समय में वो 2019 का लोक सभा चुनाव लड़े और श्रावस्ती से जीत दर्ज की थी। लोग बताते हैं चौधरी राम शिरोमणि वर्मा काफी सरल स्वभाव के नेता हैं और लोगों के सुख दुख में खड़े रहते हैं। जैसे ही उनके प्रत्याशी घोषित होने की खबर लोगो को हुई लोगो में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

# समाजवादियों ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। समाजवादी पार्टी के नेताओ ने भारत रत्न संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर कचहरी स्थित बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता वर्मा ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए गए सिद्धांतों और उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव बाबर चौहान खरदौनी ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर सर्व समाज के हितों की लड़ाई लड़ी और संविधान के द्वारा देश के सभी नागरिकों को एक समान अधिकार देने का महान कार्य किया। सभी समाजवादियों ने बाबा साहेब की विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया।इस दौरान एम एल सी एव मेरठ-हापुड़ लोकसभा के प्रभारी राकेश यादव, पूर्व मंत्री अय्यूब अंसारी, पूर्व मंत्री मो0 अब्बास, पूर्व मंत्री हाजी इसरार सैफी, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ठाकुर अंकित पंवार, समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव सौरभ अग्रवाल, व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष अज्जू पंडित, मेरठ जिला उपाध्यक्ष दीपक सिरोही, नितिन बालियान, धर्मेंद्र चपराना, ओमप्रकाश महामना, नेहा गौड़, मृदुला यादव, महबूब सोलाना, शमसुद्दीन कुरैशी आदि सपा कार्यकर्ताओं ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शबरी के घर पहुंचे राम**

# दलित महिला के घर पहुंचे अरुण गोविल कांग्रेस ने एक्स पर किया पलटवार

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल एक महिला के घर वोट मांगने पहुंचे तो महिला ने द्वार पर पहले भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल की आरती उतारी। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं ने जय श्री राम के नारे लगाए और भाजपा प्रत्याशी सहित उनके साथ मौजूद भाजपा नेताओं को खाने पर आमंत्रित किया।महिला ने कहा कि आज शबरी के घर राम आ गए। महिला ने गोविल को तिलक लगाया, स्वागत माला दी और आरती उतारी। अरुण गोविल वाल्मीकि बस्तियों में जनसंपर्क करने गए थे। दरअसल अरुण गोविल जिस महिला के घर पहुंचे थे उसका नाम नीतू जाटव है। अरुण गोविल को अपने घर देखकर नीतू जाटव ने कहा कि आज बरसों की तपस्या पूरी हो गई। मेरे घर राम आ गए। नीतू ने कहा रामायण में प्रभु श्रीराम ने शबरी को दर्शन दिए थे। आज मुझे वही भक्ति और पल का अहसास हो रहा है। भाजपा की तरफसे वाल्मीकि बस्तियों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत अरुण गोविल दलित समाज व वाल्मीकि समाज में संपर्क करने पहुंचे थे। सुबह ही गोविल भगवतपुरा ऑडियन सिनेमा के पास नीतू जाटव के घर पहुंच गए।नीतू जाटव ने दरवाजे पर अरुण गोविल को तिलक लगाकर आरती उतारी। इसके बाद गोविल को जलपान कराया। नीतू के घर के बाद गोविल क्षेत्रीय पार्षद अरुण मचल वाल्मीकि के घर चाय पीने गए।वहीं कांग्रेस पार्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल और नेताओं की तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा कि दलित के घर भोजन दर्शन करने पहुंचे भाजपा नेता।लिखा कि त्रेता युग में तो भगवान राम ने शबरी के झूठे बेर खाए थे, लेकिन यहां भाजपा नेता दलित के घर पर भोजन भी नहीं खा पा रहे हैं। वहीं यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

# प्रादेशिक शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में सुभारती प्रथम

## छात्रा रिया मेहरोत्रा ने कथक नृत्य के युवा वर्ग में प्रतिभागिता की तथा उत्तर प्रदेश के अठारह संभागों में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेरठ को गौरवान्वित किया

युरेशिया संवाददाता



मेरठ।उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा प्रादेशिक संगीत व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया गया। जिसमें मेरठ संभाग से परफॉरमिंग आर्ट्स विभाग स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की छात्रा रिया मेहरोत्रा ने कथक नृत्य के युवा वर्ग में प्रतिभागिता की तथा उत्तर प्रदेश के अठारह संभागों में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेरठ को गौरवान्वित किया।

गौरतलब है कि प्रादेशिक प्रतियोगिता से पूर्व पूरे उत्तर प्रदेश के अठारह संभागों में यह प्रतियोगिता होती है। संभागीय प्रतियोगिता में विजयी केवल प्रथम छात्र को प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त होता है। प्रादेशिक स्तर पर कड़ी प्रतियोगिता मे ही रिया मेहरोत्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है कथक प्रस्तुति में रिया मेहरोत्रा ने गयारह मात्रा रूद्र ताल प्रस्तुति से प्रांरभ कर शिव तांडव स्तांत्र के उपरान्त थाट, आमद, तोड़े टुकड़े प्रिमलू, परन व उपज प्रस्तुत कर लाल पक्ष का पारंपरिक प्रदर्शन में कथक नृत्य किया। अंत में खंडिता नाटीका की ढुमरी श्काहे को मेरे धर अयि होश् पर अभिनय कर निणार्यक मंडल का दिल जीत लिया । प्रथम स्थान प्राप्त रिया मेहरोत्रा को अगले माह फिर से संगीत नाटक अकादमी के कायर्क्रम उल्लास में प्रस्तुति का मौका दिया जायेगा। जहाँ उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार दिया जायेगा। इस अवसर पर परफाँरमिंग आर्ट्स की विभागाध्यक्षा डॉ भावना ग्रोवर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए छात्रा को उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ कठिन रियाज कराया गया था जिस कारण यह भलीभूत हुआ। ललित कला संकाय के डीन डॉ पिन्टू मिश्रा व कुलपति मेजर जनरल डॉ जी के थपलियाल, सीईओ डॉ शल्या राज ने छात्रा को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# ग्राम फफूंडा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती धूमधाम से मनाई





अमीरुद्दीन सैफी/युरेशिया

मेरठ। थाना लोहिया नगर क्षेत्र के ग्राम फफूंडॉ में लोगों ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई ।इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों ने देश में संविधान निर्माता के प्रति कायदे कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चलने पर ध्यान देने की बात कही तथा उसके उपलक्ष में लोगों ने जाटवो के छोटे और बड़े मोहल्ले से बाबा साहब की रथ यात्रा को बैंड बाजो सहित डीजे बजाकर फूल मालाओं के साथ सारे गांव में घूमते हुए पुराने शिव मंदिर पर उसका समापन किया। इसमें सभी गणमान्य व्यक्ति श्रीमती शारदा देवी पूर्व प्रधान, बाबू राम जाटव जिला पंचायत सदस्य, सिकंदर गुर्जर, श्रीपाल, विजेंदर जाटव, रामप्रकाश, नानक मास्टर, शिवचरण मास्टर, नकुल प्रधान, प्रशांत कुमार, हरेंद्र, राहुल मास्टर, कुलदीप, संदीप, सुनील मुन्ना, अमित सिंह, विवेक, सौरभ, रोहित, दिनेश, जितेंद्र, हरीश, जोगिंदर, सागर रेलवे, पप्पू चमन, राहुल फौजी, मोहन मास्टर, अमरजीत, हरीश जाटव, भोरण जाटव, सतपाल जाटव, संतु जाटव आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई




अमीरुद्दीन सैफी/युरेशिया

मेरठ। थाना खरखौदा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खड़खड़ी वासियो ने भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई तथा इस मौके पर उन्होंने बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किये। और भोजन का भी आयोजन किया जिसमें कन्याओं को भोजन खिलाकर जयंती का शुभारंभ किया गया। तथा देश में बाबा साहब के योगदान को याद किया गया, व उनके द्वारा बनाए गए उसूलों पर चलने का अनुसरण भी किया गया। इस मौके पर गांव के सभी गणमान्य व्यक्ति रामावतार जाटव, डॉक्टर सतपाल, संतरपाल, भगत जी प्रधान आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय जाटव महासंघ ने डॉ0 बी0 आर0 अंबेडकर की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। परम पूज्य बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के 133वें जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय जाटव महासंघ ने अपने केंद्रीय कार्यालय जागृति विहार से इकट्ठा होकर कालियागढ़ी, कुटी चौराहा, शेरगढ़ी, सराय काजी, जयभीम नगर, कचहरी गेट, कंकरखेड़ा, दायमपुर आदि स्थानों पर बाबा साहब की मूर्तियों पर बड़े प्रेम और उल्लास से माल्यार्पण किया ।जहाँ जहाँ राष्ट्रीय जाटव महासंघ की टीम ने बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया वहीं पर समाज के व्यक्तियों ने राष्ट्रीय जाटव महासंघ की टीम का बड़े जोश के साथ सम्मान किया ।और सभी ने बडी प्रसंशा की ।इसका श्रेय राष्ट्रीय जाटव महासंघ की पूरी टीम को जाता है। जिसमें मुख्य रूप से नेमपाल गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आर0 बी0 सिंह, एम0पी0 गौतम राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, डॉ0 अशोक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सतपाल राणा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ई0जी0 सुरेन्द्र कुमार राष्ट्रीय महासचिव, सी0 पी0 मयूर प्रदेश प्रभारी, देवेन्द्र बौद्ध जिलाध्यक्ष, ओमपाल, वीरपाल, एस0 सी0 वर्मा, महेंद्र, सुखपाल निम्मी, गजपाल, सुरेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती



## जिलाधिकारी ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन मूल्यों पर डाला प्रकाश

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। जिलाधिकारी ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है, उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए व सभी को समान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए गए रास्तों पर चल कर देश एवं समाज की तरक्की में अपना योगदान हमेशा देते रहना है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 26 अप्रैल का दिन ना भुलाना भैया, वोट डालकर तुम सब मेरठ की शान बढ़ानाः शाहिद रजा




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी दीपक मीणा, नोडल स्विपध्मुख्य विकास अधिकारी नुपुर गोयल के निर्देशानुसार शाहिद रजा श्रावस्ती अपने कलाकारों के साथ विभिन्न स्थानों पर लोकगीत के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने सुभाष बाजार, पुरानी तहसील, गुदरी बाजार, लाला का बाजार, खैर नगर, वेस्टर्न रोड के आस पास लोकगीत ना भुलाना भैया ना भुलाना भैया, 19 व 26 अप्रैल का दिन ना भुलाना भैया, चाचा जाना चाची जाना बहू को भी ले जाना, हस्ते हुए जाना और हस्ते हुए आना, बड़े भाई तुम भी जाना घर वाली को ले जाना, सारे काम काज छोड़कर वोट डालने जाना, वोट डालकर तुम सब मेरठ की शान बढ़ाना, 19 व 26 अप्रैल का दिन ना भुलाना भैया गाया तो वहाँ उपस्थित जनता ने कहा हम पूरे परिवार के साथ वोट डालने जरूर जायेंगे।

## फोरटीन स्टार्स वेलफेयर सोसायटी ने बच्चो को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के ग्राम दहियावर में फोरटीन स्टार्स वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि रहे मौलाना नूरुल हसन और विशिष्ट अतिथि रहे ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक ज्ञान दीप वर्मा, और डॉ रिजवी, यम चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन मोहम्मद असगर इंस्पेक्टर एहतराम हुसैन जैदी मौलाना कमर अब्बास इमाम जुमा दहियावर मौलाना जुहैर अब्बास एजुकेशन में शौक दिलाने के लिए ये प्रोग्राम रखा गया था जिसमें बाहर से आए शिक्षक शामिल हुए और मौलाना नूरुल ने कहा 1 टाइम कम खाना खाइए मगर अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दीजिए आज के टाइम में पढ़ाई बहुत ही जरूरी है एजुकेशन के ऊपर सभी ने अपनी बात रखी इसमें सोसाइटी ने, कहा पढ़ेगा दहियावर तभी बढ़ेगा दहियावर, सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा और शिक्षा के महत्व को समझाया गया। समिति के संस्थापक में जोर देकर कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास होता है शिक्षित व्यक्ति समाज को नई दिशा और देश को आगे बढ़ा सकता है। वही मौलाना जुहैर अब्बास ने कहा जब हमारे बच्चे पढ़ेंगे तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे हमे आगे आकर अपने बच्चे की पढ़ाई पर जोर देना होगा ताकि अच्छी पढ़ाई लिखाई कर सकें वही जो बच्चे अच्छे नम्बर से पास हुए हैं और केजी से 10 तक के बच्चो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया पुरुस्कार पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे मुख्य रूप से मौजूद रहे शाहिद अली जैदी, बादशाह, शबीह अब्बास शेबू पत्रकार, शिराज, अली अब्बास, गोरे, आलम जैदी, यासिर, हसमत आदि उपस्थित रहे।

पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
9410231400
7533833844
7533833855
0121-4324497
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोन: 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)